


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 353 | ग्वालियर, मंगलवार 03, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2




## न्यूज ट्रैक

### 3 लाख नगद, 225 पासपोर्ट...सैकड़ों फर्जी वीजा, विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, पुलिस ने 8 आरोपी को दबोचा




कुशीनगर में भोले-भाले बेरोजगार युवकों को विदेश में अच्छा काम और अच्छी सैलरी दिलाने के नाम पर मोटी रमक लेते थे और फर्जी वीजा टिकट देकर भेज देते थे कुछ तो एयरपोर्ट से वापस आते थे कुछ का पैसा खा जाते थे। धांधली की सूचना मिलने पर पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 3 लाख रुपये नगद, 225 पासपोर्ट, 225 पासपोर्ट, सैकड़ों बीजा, 20 फर्जी मुहर, और 22 सिम कार्ड बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज कुमार यादव, पीताम्बर, राजेश कुमार, विकास कुमार यादव, नितीश कुमार, संजय कुमार यादव, मिथिलेश कुमार यादव, और विनय कुमार यादव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यह गैंग लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। वे लोगों से मोटी रकम वसूलते थे और उन्हें फर्जी दस्तावेज देते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

### कार से टक्कर मारी, बैग फेंका और गाली-गलौज की



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आए दिन कई वीडियो वायरल होते हैं जो इंसानियत को झकझोर कर रख देते हैं। ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है, जिसमें एक डिलीवरी बॉय के साथ बेहद बदसलूकी की गई है। इस वीडियो को देखकर लोग काफी नाराज हैं और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक डिलीवरी बॉय सड़क पर खड़ा है, उसकी बाइक गिर गई है, और सामान बिखरा हुआ है। एक कार चालक पहले डिलीवरी बॉय को टक्कर मारता है और फिर उससे बहस करने लगता है। बहस के दौरान, वह व्यक्ति डिलीवरी बॉय के सामान को बेरहमी से उठाकर सड़क पर फेंक देता है। इस घटना का वीडियो देखकर लोग गुस्से में हैं और सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम की है। यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पेज पर शेयर किया गया है। वीडियो देखने के बाद लोग जमकर आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना है कि डिलीवरी बॉय भी इंसान हैं और उनके साथ इस तरह का बर्ताव बिल्कुल गलत है। समाज में अक्सर डिलीवरी बॉयज के प्रति संवेदनहीन रवैया अपनाया जाता है, जो निंदनीय है। कई लोग इस घटना के बहाने समाज में डिलीवरी बॉयज के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार पर सवाल उठा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि अक्सर डिलीवरी करने वाले लोगों को उनकी मेहनत का हक नहीं मिलता और उनके साथ इस तरह का गलत व्यवहार किया जाता है। इसी के चलते कुछ लोगों ने सरकार से डिलीवरी बॉयज के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की है, ताकि ऐसे मामलों पर रोक लगाई जा सके। घटना के बाद लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि ऐसे आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार और प्रशासन इस मुद्दे पर ध्यान देंगे और डिलीवरी बॉयज के लिए एक सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करेंगे।

### दमोह में श्रद्धालुओं को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चार लोगों की मौत, 35 घायल



भोपालः मध्यप्रदेश के दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के फतेहपुर चौकी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। सभी श्रद्धालु सोमवती अमावस्या पर दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के घूघस गांव से लगभग 30 से 35 श्रद्धालु कल रात्रि सोमवती अमावस्या पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर छतरपुर जिले में स्थित तीर्थ स्थल जटाशंकर जा रहे थे। तभी फतेहपुर चौकी क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं में कुछ को हटा में भर्ती कराया गया तथा कुछ को जिला अस्पताल लाया गया। हटा में उपचारार्थ दो श्रद्धालु राजप्यारी (50) और हेमेंद्र (10) की कल रात्रि मौत हो गयी, जबकि जिला अस्पताल में भर्ती गंजली बाई गोंड (50) और लक्ष्मण (17) ने आज सुबह उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। वहीं, घायलों में कुछ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है, तो वहीं कुछ का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

# बीजेपी ने शुरू किया सदस्यता अभियान, पीएम बने पहले सदस्य

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत की। जेपी नड्डा ने पीएम मोदी को पहली सदस्यता की पर्ची दी। बीजेपी का देशभर में 10 करोड़ नए कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य है। जेपी नड्डा ने कहा कि हम सब जानते हैं कि प्रधानमंत्री जी देश का प्रधानसेवक होने के नाते, 140 करोड़ देशवासियों के नेतृत्व करने के नाते प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं। लेकिन उसके बावजूद भी हम सबके लिए वो आदर्श हैं। उन्होंने हमेशा इस बात को अपने आप में जीया है कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन प्रथम है। संगठन को जब भी आवश्यकता पड़ी है, व्यस्ततम समय में भी वो पार्टी को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि जब अमित भाई शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तो उस समय उन्होंने सदस्यता अभियान को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने कहा था कि हम संगठन के रास्ते बदलेंगे, संगठन के तरीके बदलेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जो कमल के निशान के साथ चलना चाहते हैं, उनका हम पार्टी में समावेश कर सकें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार



से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान को नहीं करता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में कार्यकर्ता महज सदस्यता का एक अंक नहीं, बल्कि हमारे यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई, विचारधारा का वाहक, कार्य-संस्कृति का पोषक और हमारे कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का भी काम करते हैं, जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस सच्चाई को आज कोई नकार नहीं सकता कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और भारत के नेताओं पर से जनता का विश्वास कम हुआ है। भारत की राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उस विश्वसनीयता के संकट को किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बने, उस समय मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। जब हमारा चुनावी घोषणा पत्र बन रहा था, तो उस समय भी हमारे प्रधानमंत्री जी ने बार-बार ये कहा कि अध्यक्ष जी इस बात की सावधानी बरतिएगा कि चुनावी घोषणा पत्र में जो कुछ भी कहा जाए, उसका अक्षरशः पालन हम कर सकें।

## योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई, 26 डॉक्टरों को बर्खास्त करने का जारी किया निर्देश

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 चिकित्सकों की बर्खास्तगी के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई उन डॉक्टरों के खिलाफ की गई है जिन्होंने अपनी ड्यूटी में लगातार लापरवाही बरती और अक्सर अनुपस्थित रहते थे। जानकारी के अनुसार, बर्खास्त किए गए चिकित्सक लगातार अपनी ड्यूटी से गैर हाजिर रहते थे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ा था। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लापरवाह कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य



सेवाएं आम जनता को उपलब्ध कराई जाएं। डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। इसलिए, स्वास्थ्य विभाग में किसी भी तरह की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। बर्खास्त किए गए डॉक्टरों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के चिकित्सक शामिल हैं, जिनमें जालौन, बरेली, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, और बलिया के डॉक्टर शामिल हैं। इसके अलावा, बस्ती, रायबरेली, मथुरा, फिरोजाबाद, बहराइच, सहारनपुर, और शाहजहांपुर के चिकित्सकों को भी बर्खास्त किया गया है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात डॉक्टर नीना वर्मा से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों की जांच की जाएगी। साथ ही, तीन डॉक्टरों की दो वर्षों के लिए वेतन वृद्धियां रोक दी गई हैं और एक डॉक्टर को परिनिंदा प्रविष्टि (वर्णात्मक नोट) दिया गया है। यह कदम स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और कर्तव्यों के प्रति सख्ती को दर्शाता है।

## मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बरसाईं गोलियां



**नई दिल्ली।** मशहूर पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लन को लेकर हाल ही में बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, सिंगर के कनाडा के वैंकूवर वाले घर के बाहर ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई है। कथित गोलीबारी को दिखाने वाला एक वीडियो भी सामने आया है और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इसकी जांच की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि कनाडा में एपी ढिल्लों के घर के बाहर हुए इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई के गैंग के रोहित गोदारा ने ली है। एक फेसबुक पोस्ट पर लिखा गया कि- राम राम जी सारे भाईयों को। 1 सितंबर की रात कनाडा में दो जगहों पर फायरिंग हुई है, जिसमें एक विक्टोरिया आइलैंड और है। इसकी जिम्मेदारी मैं रोहित गोदारा (लॉरेश बिश्नोई ग्रूप) लेता हूं। विक्टोरिया आईलैंड वाला घर एपी ढिल्लों का है। ये बड़ी फीलिंग ले रहा है। सलमान खान को गाने में लेके, तेरे पर आए थे, फिर या तो आता बाहर और दिखाता अपने एक्शन करके, जिस अंडरवर्ल्ड लाइफ की तुम लोग कॉपी करते हो, हम एक्चुअल में जी रहे हैं वो लाइफ। अपनी औकात में रहो नहीं तो कुत्ते की मौत मरोगे।

## स्नान करने के दौरान धोबा नदी में डूबे 6 युवक, एक का शव बरामद, तीन अन्य लापता




पटनाः- बिहार के पटना जिले में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया, जहां धोबा नदी में स्नान करने के दौरान 6 युवक डूब गए। इनमें से 2 लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। वहीं चार युवक गहरे पानी में चले गए, जिनमें एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य लापता हैं। वहीं लापता हुए युवकों की खोज जारी है। जानकारी के अनुसार, घटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र की है। घटना के संबंध मं बताया जा रहा है कि टीका बीघा गांव के छह युवक धोबा नदी में स्नान कर रहे थे। इस दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। इस घटना में दो लोग तैरकर बाहर आ गए जबकि चार अन्य डूब गए। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। स्थानीय गोताखोर और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने डूबे लोगों की तलाश शुरू की। एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

## दिल्ली में पटाखे के गोदाम में लगी भीषण आग, कमरे के अंदर मिली जली हुई लाश



**नई दिल्लीः** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में सोमवार को पटाखों के एक गोदाम में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोनिया विहार की गली नंबर एक स्थित चौहान पट्टी में सुबह चार बजे हुई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाने में दो घंटे लगे। पुलिस ने बताया कि एक कमरे के अंदर से एक व्यक्ति का जला हुआ शव बरामद किया गया है। संभवतः यह शव गोदाम की देखभाल करने वाले का है जो परिसर में सो रहा था। एक अधिकारी ने कहा, पता चला कि 200 वर्ग गज के भूखंड का मालिक कृष्ण है जिसने यह परिसर वजीराबाद में रहने वाले जावेद को किराए पर दिया था। अधिकारी ने बताया कि भूखंड में एक कमरा था जिसमें कुछ पटाखे रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि जावेद इस परिसर का इस्तेमाल पटाखों को रखने के लिए करता था। उन्होंने बताया कि यह भी संदेह है कि गोदाम अवैध रूप से चल रहा था और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जावेद को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं तथा आगे की जांच जारी है।

## कैबिनेट मीटिंग में सरकार ने लिए 7 बड़े फैसले, किसानों के आय बढ़ाने के लिए अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक खत्म हो चुकी है। इसमें किसानों के कल्याण के लिए सात महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, जो विशेष रूप से किसानों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के दौरान लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने किसानों की जीवनस्तर में सुधार और उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए कुल सात प्रमुख निर्णय किए हैं। पहला महत्वपूर्ण निर्णय डिजिटल कृषि मिशन का है। यह मिशन कृषि के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत कुछ सफल पायलट प्रोजेक्ट्स पहले से ही चलाए गए हैं, जिनमें सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इस सफलता को ध्यान में रखते हुए, 2,817 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना की जाएगी। यह मिशन किसानों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल साधनों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय खाद्य और पोषण सुरक्षा से संबंधित है। इस निर्णय के अंतर्गत, हमारे किसानों और कृषि समुदाय को जलवायु के प्रति लचीला बनाने और 2047 तक खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत कुल 6 प्रमुख स्तंभ स्थापित किए जाएंगे, जिनकी कुल लागत 3,979 करोड़ रुपये होगी। इन स्तंभों




के माध्यम से किसानों को आधुनिक और स्थिर फसल विज्ञान से लैस किया जाएगा, ताकि वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना कर सकें और भविष्य के खाद्य सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। यह पहल कृषि क्षेत्र को लंबे समय तक टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। हॉर्टिकल्चर के क्षेत्र में सब्जियां, फलों, मशरूम और विभिन्न प्रकार के पौधों को शामिल किया गया है। इस क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए 860 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है। इस वित्तीय निवेश से किसानों की आय में वृद्धि के व्यापक अवसर उत्पन्न होंगे। इस योजना का उद्देश्य हॉर्टिकल्चर के माध्यम से कृषि की विविधता को बढ़ाना और किसानों को अधिक आय के स्रोत प्रदान करना है। इससे न केवल किसानों को बेहतर फसलें उगाने में मदद मिलेगी, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। इस योजना के तहत विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फल, मशरूम और पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसानों को नए बाजारों और व्यापारिक अवसरों तक पहुंच प्राप्त होगी। इस योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्रों को सशक्त और सुसज्जित किया जाएगा। यह कार्यक्रम किसानों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसके लिए कुल 1202 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और ज्ञान से अवगत कराना है, ताकि वे अपनी फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता को बढ़ा सकें। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को आवश्यक प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और सलाह प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, यह कार्यक्रम किसानों की समग्र स्थिति में सुधार लाने और उनके कृषि व्यवसाय को मजबूत करने में सहायक होगा। मोदी सरकार ने गुजरात को भी एक बड़ा तोहफा दिया है।अश्वनि वैष्णव ने बताया कि सरकार ने गुजरात में प्रतिदिन 63 मिलियन चिप्स बनाने का प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए कायन्स के 3307 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। दरअसल, दुनिया की सभी अत्याधुनिक और जटिल चिप्स भारत में ही डिज़ाइन की जाती हैं। भारत में खुद की बौद्धिक संपदा विकसित करने के उद्देश्य से, डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत 13 कंपनियों ने चिप्स डिज़ाइन करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में प्लांट को मंजूरी प्रदान की गई है। इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 6.3 मिलियन चिप्स की होगी। इस निर्णय के साथ ही, भारत में सेमिकंडक्टर के इकोसिस्टम का विकास तेजी से हो रहा है और यह क्षेत्र भविष्य में और भी सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा।

# खड़ेरीपुरा में लड़की की हत्या करने वाले हत्यारों को पुलिस बचाने का प्रयास कर रही है: हेमंत कटारे

## उपनेता प्रतिपक्ष ने उठाई सीबीआई अथवा उच्चस्तरीय जांच की मांग



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। खडेरीपुरा गांव में 29 अगस्त की रात्रि में एक लड़की की परिजनों द्वारा हत्या कर क्वारी नदी में फेंके जाने की ग्रामीणों द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई है। विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व अटेर विधायक हेमंत कटारे ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दी गई,कि परिजनों द्वारा लड़की की हत्या कर ग्राम के शंकर जी के मंदिर के पीछे मृत लड़की को पत्थर से बांध कर फेंक दिया गया है। श्री कटारे ने कहा कि इस घटना के सम्बंध में उन्होंने भिंड पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव को भी जानकारी दी,तब उन्होंने पुलिस भेजी तो लाश पहले ही गायब की जा चुकी थी। श्री कटारे ने कहा घटना हुए 3 दिन बीत चुके हैं,जबकि ग्रामीणों द्वारा इस घटना की जानकारी गांव के कोटवार से लेकर पुलिस अधीक्षक तक को दी जा चुकी है,ग्रामीणों ने बताया कि पहले पुलिस आई तो उन्होंने लड़की की लाश को नदी से नहीं निकाला और ना ही लाश को निकालने के लिए किसी गोताखोर को भेजा। पुलिस द्वारा मृतक लड़की की लाश को अभी तक रिकवर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जबकि लड़की की पत्थर से बंधी हुई लाश तैरती रही जिसका किसी ग्रामीण द्वारा फोटो भी खींच कर पुलिस को सूचना दी। उन्होंने कहा कि जब पुलिस अधीक्षक से उन्होंने कहा तब एसपी ने पुलिस भेजी तो एसपी द्वारा भेजी गई पुलिस के आने से पहले ही लड़की की लाश वहां से गायब कर दी गई,इससे स्पष्ट होता है कि लड़की की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारों को पुलिस द्वारा बचाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री कटारे ने कहा कि इस हत्याकांड की सीबीआई अथवा उच्चस्तरीय जांच की जाकर हत्या के दोषियों को एवं हत्यारों को बचाने का प्रयास करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये।



# परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये है और यह 2028-29 तक पूरी हो जाएंगी : खरगोन बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र पटेल

## खरगोन बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र पटेल के अथक परिश्रम से मनमाड इंदौर के बीच नई रेल लाइन को केंद्रीय, खरगोन बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र पटेल के अथक परिश्रम से मनमाड इंदौर के बीच नई रेल लाइन को केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। 309 किलोमीटर लंबाई में रेल लाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना से इंदौर से मुंबई के बीच की दूरी कम हो जाएगी। अभी इंदौर से गुजरात होकर ट्रेन मुंबई जाती है। इस परियोजना से निमाड़ क्षेत्र को भी लाभ होगा। परियोजना पर केंद्र सरकार 18 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस परियोजना के महाराष्ट्र वाले हिस्से का काम शुरू हो चुका है, लेकिन अब मध्य प्रदेश के हिस्से में भी काम होगा। पिछले साल इस परियोजना के लिए रेल मंत्रालय ने सर्वे भी कराया था। **छह जिलों को फायदा**-इंदौर मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट से इंदौर, धार, बड़वानी, खरगोन जिले को फायदा होगा। इसके अलावा महाराष्ट्र के धुले और नासिक जिले को भी फायदा होगा।पीथमपुर से रेल मार्ग से माल ढुलाई में आसानी होगी। इसके अलावा मांडू, महेश्वर जैसे पर्यटन क्षेत्र भी रेल के नक्शे पर आ सकेंगे। निमाड़ के किसानों को अपनी उपज महाराष्ट्र तक पहुंचाने में आसानी होगी। खरगोन बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र पटेल ने बताया कि मेने इंदौर मनमाड़ रेल लाईन के लिए 8 नवंबर 2021 को पत्र के माध्यम से मांग उठाई थी। और लगातार इसके लिए प्रयासरत रहे। और इंदौर मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट के लिए इंदौर संभाग और महाराष्ट्र के सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे। उन्होंने इस रेल लाइन के महत्व को समझा और प्रोजेक्ट मंजूर किया। अब इंदौर रेलवे का भी हब बन जाएगा।

# विद्यालयों में अब योगाभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ दिनचर्या पर भी होगी चर्चा आरोग्य भारती के सहयोग से मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र जिले के सभी विद्यालयों में करेंगे संवाद जन-जन तक योग पहुंचाने योग प्रभारीयो की हुई कार्यशाला





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। ग्वालियर के सभी शासकीय विद्यालयों में अब योगाभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ दिनचर्या पर भी चर्चा होगी चर्चा होगी जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार ने आज भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में जिले के योग प्रभारी की आयोजित कार्यशाला में कहा कि कहा कि अब जिले के शासकीय विद्यालयों में योगाभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ दिनचर्या पर आरोग्य भारती के सहयोग से हर शनिवार को संवाद का आयोजन किया जाएगा संयुक्त संचालक दीपक पांडे ने योग के लाभ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र पर इस माह उस जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के योग शिक्षक को बुलाकर प्रत्येक ग्राम में ग्राम योग समिति के माध्यम से योग कक्षा संचालन के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण देने का आह्वान किया, जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कि योग सदियों पुरानी भारतीय कला है, जिसने दुनिया भर में लाखों लोगों को बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने में मदद की है। इसलिए इसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है, इस अवसर पर आरोग्य भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर सत्य प्रकाश बत्रा और डॉक्टर ओमप्रकाश सोनी ने कहा कि कहा योग और स्वस्थ दिनचर्या, आहार विहार सब एक दूसरे के पूरक हैं स्वस्थ भारत के निर्माण में इन सब का महत्वपूर्ण योगदान है. इसके पूर्व विकासखंड योग प्रभारी मुन्ना सिंह परिहार ने योग प्रभारियों को योगाभ्यास कराया तथा योग प्रतियोगिताओं के नियम पर विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर विकासखंड योग प्रभारी डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कमर गोविंद मेहरोत्रा महेश सिंह बाथम पूर्णिमा कुशवाह समेत 102 योग प्रभारी उपस्थित थे !कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा भदोरिया द्वारा किया गया।

# जरावस्था (वृद्धावस्था) जन्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 सितम्बर को

## वृद्धावस्था जन्य व्याधियों की निःशुल्क जांच एवं उपचार आयुष पद्धति से किया जायेगा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, जिला आयुष अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग भोपाल के निर्देशानुसार ड़रावस्था (वृद्धावस्था) जन्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आयुष विभाग जिला भिण्ड के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) ग्राम बरहद, ग्राम मानहड़, ग्राम सोनी, ग्राम कनाथार, ग्राम कचनाव कला, ग्राम एन्डोरी, ग्राम पिपरसाना, ग्राम अकोड़ा, ग्राम बिलाव, ग्राम नुन्हाटा, ग्राम सगरा, ग्राम पिडोरा, ग्राम भौनपुरा, ग्राम खैरा, ग्राम कनावर, ग्राम जमसारा, ग्राम दुल्हागन, ग्राम मछण्ड, ग्राम मुरावली, ग्राम आलमपुर, लहार में दिनांक 05 सितंबर 2024, दिन गुरुवार, समय प्रात 09 बजे से शाम 04 बजे तक किया जायेगा। जिसमें वृद्धावस्था जन्य व्याधियाँ जैसे उच्चरक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, श्वांस रोग, वात रोग( जैसे आमवत, गठिया वात, सन्धिवात ), मूत्र रोग, उदर रोग, तंत्रिका तंत्र रोग ( जैसे अवसाद, अनिद्रा, कम्पवात ), चर्म रोग, नेत्र रोग एवं कर्ण आदि रोगों की निःशुल्क जांच एवं उपचार आयुष पद्धति से किया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. नीलम कुशवाह ने सभी नागरिक बंधुओं से अपील कर कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आकर चिकित्सा लाभ प्राप्त करें।

# एमटी स्ट्रीट व्यापारियों ने किया जरंरूतमंदो को अन्नदान का वितरण



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरूः एमटी स्ट्रीट व्यापारियों ने अमावश्य के उपलक्ष में अन्नदान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सुरेश सैणचा, प्रविण कुमार, रामलाल, शांतिलाल, विजय, किशन, गणेश प्रजापत, जीतु सिंह, बाबूलाल, कालूराम, राहुल मंडल, तेजाराम कोठारी, भंवरलाल, सोहनलाल सुथार, प्रवीण ओसवाल, गणेश सीरवी, गोपाल आदि मौजूद थे।

# ग्वालियर नगर आगमन पर धर्मेन्द्र सिंह राजावत का एतिहासिक स्वागत



**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। एक एसा देश का सिपाही जो पिछ्ले 17 वर्ष भारतीय सैना की सिग्नल रेजिमेन्ट में सेवाएं देते हुए भी ग्वालियर चंबल संभाग के साथ साथ भारत के 10 राज्यों में समाज सेवा से एसे जुड़े रहे कि उनके सेवा निवृत्त होने पर ग्वालियर प्रथम आगमन पर शहर वासियों ने जो स्वागत किया वो एक एतिहासिक स्वागत हुआ सैकड़ों की संख्या में उनकी आशीर्वाद यात्रा में कारों और उनके चाहने वालों का हुजूम उमड़ा घंटों सहर का आवागमन बाधित हुआ फिर भी सहर के समर्थको में खुशी देखते ही बन रही थी वर्ष 2018 में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत में प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया और हजारों लोगों के सामाजिक मुद्दों को हल किया एक साम वहीदों के नाम कार्यक्रम के माध्यम से शहीद के परिवार को 51000 का आर्थिक सहायता सुरु करी, और कोरोना काल में प्रति दिन गाडियां भर भर कर खाद्य सामग्री संगठन के माध्यम से वितरित किए, रक्तदान शिविर, औषधि वितरण जैसे कार्य निरंतर करते हैं। उनके समाज के प्रति निष्ठा के साथ जुड़े रहने की भावना से आज उनके काफिले की सोभा देखते ही बन रही थी सहर के सैनिक संगठनों ने भी उनको अपार स्नेह देते हुए स्वागत में चार चांद लगा दिए।सेवा निवृत्त पर धर्मेंद्र सिंह ने अपने मार्गदर्शक श्री अशोक सिंह भदौरिया जी एवं सभी बड़ों का आशीर्वाद लेते हुए, सभी संगठन के मुखियाओं का आभार व्यक्त किया और जिवन पर्यंत समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग और हर सोसित वंचित कमजोर का साथ पूर्ण निष्ठा से देते रहेगे एसा अश्वासन देते हुए। अपने मित्रों को सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।



# 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

## बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ प्री-सिटिंग बैठक संपन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में 14 सितम्बर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। क्लेम प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर सुजीत कुमार सिंह द्वारा 02 सितंबर को ए.डी.आर. सेंटर मण्डलेश्वर में नेशनल बीमा कंपनी के अधिकारी केतन जैन, कृष्णा कुमार यादव एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ प्री-सिटिंग बैठक संपन्न हुई। बैठक में चर्चा के दौरान मोटर दुर्घटना के राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उनके निराकरण के लिए चर्चा की गई। चर्चा के दौरान एम.ए.सी.टी. के कुछ प्रकरणों में आंशिक सहमति बनी। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ता कार्तिक जोशी, विजय जोशी उपस्थित रहें।

# दतिया आज फिर मिली आबकारी विभाग को बड़ी सफलता की अवैध शराब जप्त कर की कार्यवाही

**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

दिनांक 02/09/2024 को कलेक्टर श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी दतिया श्री टी आर वर्मा द्वारा दतिया (ब) में अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध निम्न कार्यवाही की गई। (1) मालती पत्नी कप्तान कंजर, उम्र 30 वर्ष, निवासी हमीरपुर कंजर डेरा से, 18 पाउच हाथ भट्टी मदिरा। 2) बबीता पत्नी शिवकुमार कंजर, उम्र 40 वर्ष, निवासी हमीरपुर कंजर डेरा पर 21 पाउच हाथभट्टी मदिरा। 3) आरती पत्नी संजेश कंजर, उम्र 25 वर्ष, निवासी हमीरपुर कंजर डेरा से 19 पाउच हाथभट्टी मदिरा। 4) ऊषा पत्नी नीलेश कंजर, उम्र 24 वर्ष, निवासी हमीरपुर कंजर डेरा से 22 पाउच हाथभट्टी मदिरा। 5) रवित पत्नी अरविन्द कंजर, उम्र 30 वर्ष, निवासी हमीरपुर कंजर डेरा से 15 पाउच हाथभट्टी मदिरा। 6) अज्ञात- हमीरपुर कंजर डेरा झाड़ियो में 11 बीएल हाथ भट्टी मदिरा 5 डेमो में 1000 ग्र्रद्द गुड लाहान मदिरा को जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के अंतर्गत 06 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिनमें कुल 30 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य 108500 /- रुपए है। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री संजय शर्मा, श्री रवि बिसारिया,श्री मनीष यादव, सुश्री याशनिका यादव एवं वाहन चालक श्री अजय गौतम का सराहनीय योगदान रहा।



# सादड़ी में श्री श्रीयादे मॉ के मंदिर के गेट के पास घंटी(टोकर) 5 सितंबर को लगाया जायेगा

**दैनिक पुष्पांजलि**



पाली/सादड़ी (रिर्पोटर छ्गनलाल प्रजापत) के प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि जय माँ श्री यादें श्री श्रीयादे मंदिर के प्रांगण में भाद्र सूद बीज 5/9/2024 को प्रातः 10 बजे पांचो गौत्र के वरिष्ठ, युवा, पंच परमेश्वर की उपस्थिति मे मंदिर के पुजारी द्वारा विधि विधान से मंदिर के गेट के पास घंटी(टोकर) लगाया जायेगा सो आप समस्त स्वजातीय बंधुओ से अनुरोध है कि 5 सितंबर 2024 को प्रातः 10ः00 बजे मंदिर परिसर में पधारने का कष्ट करें उक्त घंटी (टोकर) के भामाशाह मांगीलाल नैनाराम एवं रुपाराम नैनाराम लुनिया प्रजापत सादड़ी की ओर से लगाया जायेगा तारीख एवं समय- 5 सितंबर 2024 गुरुवार प्रात 10ः00 बजे उक्त भामाशाह का श्री श्रीयादे प्रजापति युवा संगठन सादड़ी की कार्यकारिणी मंडल खूब-खूब आभार व्यक्त करता है माँ श्री यादें भामाशाह के धन-धान्य के भंडार भरा रखें सराहनीय कार्य करने करने के लिए खूब-खूब रिर्पोटर छ्गनलाल प्रजापत ने आभार व्यक्त करता सधन्यवाद।

## आज का विचार

यदि आप वही करते हैं, जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा, जो हमेशा से मिलता आया है।

–टोनी रॉबिंस

## संपादकीय

### भारतीय शेयर बाजार ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

भारतीय शेयर बाजार ने विश्व में तेजी का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके पहले किसी भी देश के शेयर बाजार में इस तरह की तेजी देखने को नहीं मिली। भारतीय शेयर बाजार ने ऐतिहासिक तेजी के चलते 80000 के स्तर को पार कर लिया है। 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 1 दिन के अंदर 632.85 अंक की तेजी आई। शेयर बाजार का सेंसेक्स 80074 पर पहुंच गया। हालांकि कुछ ही देर के बाद इसमें 545 अंकों की गिरावट आई। भारत के शेयर बाजारों में पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। सट्टे बाजार के विशेषज्ञों का कहना है, कि सट्टा बाजार का स्थान अब शेयर बाजार ने ले लिया है। जिस तरह से शेयर बाजार में कृत्रिम तरीके से कंपनी के शेयरों में तेजी बनाई जा रही है। उसने सट्टा बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। जिस तरह धारणाओं के आधार पर सट्टेबाजी होती है। शेयर बाजार भी कल्पनाओं के सहारे तेज घोड़े पर दौड़ रहा है। 2024 में अभी तक सेंसेक्स 10.7 फ़ीसदी और निफ्टी में 11.76 फ़ीसदी की तेजी आई है। विदेशी निवेशकों ने हाल ही में भारतीय शेयर बाजार में बांड में निवेश शुरू किया है। विदेशी निवेशकों ने 924 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। उसके बाद आंधी और तूफान की तरह भारतीय शेयर बाजार आसमान को छू रहा है। शेयर बाजार के सटोरियों का कहना है, कि इस साल के अंत तक शेयर बाजार 87000 के स्तर को छू लेगा। शेयर बाजारों में जिस तरीके की तेजी देखने को मिल रही है। शेयरों का जिस तरीके से मूल्यांकन हो रहा है। उससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पंजीकरण 5.33 लाख करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। शेयर बाजार का सेंसेक्स 70000 से 80000 तक पहुंचने में मात्र 138 कारोबारी दिन लगे। 11 दिसंबर 2023 को पहली बार 70000 के स्तर पर शेयर बाजार पहुंचा था। 60000 से 70000 तक पहुंचने में 548 दिन का समय लगा था। 75000 से 80000 के स्तर पर पहुंचने के लिए मात्र 57 दिन का समय लगा। इस बार विदेशी निवेशकों के निवेश को आधार बनाकर शेयर बाजार हवा में उड़ रहा है। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। शेयर बाजार के जानकारों का कहना है। 20000 से 30000 के स्तर पर पहुंचने के लिए 1820 दिन का समय लगा था। 30000 से 40000 के स्तर पर पहुंचने के लिए 1042 दिन का समय लगा। 40000 से 50000 के स्तर पर पहुंचने में 415 दिन का समय लगा था। उसके बाद से हवा की तरह तेज गति से शेयर बाजार चढ़ता ही जा रहा है। 50000 से 60000 तक पहुंचने में मात्र 166 दिन का समय लगा। 60000 से 70000 के स्तर पर पहुंचने के लिए 548 दिन का समय लगा था। 70000 से 80000 के स्तर पर पहुंचने के लिए मात्र 138 दिन का समय लगा। जिस तरह से भारत की आर्थिक स्थितियां हैं, उसे देखते हुए यह तेजी सभी को आश्चर्य में डाल रही है। एक बार फिर निवेशकों को हर्षद मेहता घोटाले की याद आने लगी है। 16 साल में भारत में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। शेयर बाजार 16 साल पहले 8800 स्तर पर था। वह 9 गुना बढ़कर 80000 के स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार के तेजडिए इस साल के अंत तक सेंसेक्स 87000 के स्तर पर पहुंचने की बात कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजारों में जिस तरीके की कृत्रिम तेजी बनाई जा रही है, उसको लेकर न केवल भारत के निवेशक बल्कि दुनिया के निवेशक शंकाभरी निगाह से देखने लगे हैं। हिडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद सारी दुनिया के देशों में भारतीय कॉर्पोरेट कंपनियों को लेकर शंका जाहिर की जा रही है। वर्तमान तेजी ने वैश्विक स्तर पर निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। भारत में जिस तरह की महंगाई, बेरोजगारी और निर्यात के क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके इस तरह की तेजी सभी को हैरान कर रही है। शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन को लेकर निवेशकों में अब चिंता और घबराहट है। राजनीतिक अस्थिरता के चलते कभी भी शेयर बाजार ढह सकता है। जिस तरह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और 30 शेयरों वाले समूह द्वारा कृत्रिम रूप से शेयर बाजार की तेजी को बढ़ाया जा रहा है। बाजार नियामक आयोग सेबी का नियंत्रण कॉर्पोरेट कंपनियों और शेयर बाजारों में जिस तरह का होना चाहिए था, उसको लेकर भी प्रश्न चिन्ह लगने लगा है। निवेशकों की चिंता का यह सबसे बड़ा कारण है। फिर भी भारतीय शेयर बाजार ने एक विश्व रिकॉर्ड तो बना ही लिया है।

## कविता

### गणपति बाप्पा मोरिया



प्रथम पधारो आप प्रभु गणपति हैं जिनका नाम।
मां गौरा के जो लाडले ,शिव शम्भू के नंदलाल।
कृष्ण कृपा है प्राप्त तुम्हें ,मां लक्ष्मी खिलाएं आप ।
प्रथम वंदना करके ही बस बन जाए सारे बिगड़े काम।।
गोबर माटी से लीप रहे ,शुद्ध मोतियों से पुरावे सब चौक।
गंगा जल से पूजन करके,दुर्बा से घर घर हो स्नान ।।
आओ गजानन गणपति पधारो मेरे श्री महाराज।
रिद्धि सिद्धि संग विराजियो,आसान लगा तुम्हारा आज ।।
चतुर्थी तिथि मनावे हम,आनंद की है यह बात
जन्म दिवस है प्रभु आपका,पधारो श्री गणपति महाराज।
भोग लगावे लड्डू को तुम्हें,झूला झूले गणपति महाराज ।
बादल से भी अमृत बरस रहा शिव कृपा हो रही हैं प्राप्त ।।
चतुर्थी से चौदस तक करते प्रभु बाल रूप में हर घर में निवास ,
बड़ी धूमधाम से बनता है,गणपति जी का यह त्यौहार ।।
गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ

आशी प्रतिभा दुबे ( स्वतंत्र लेखिका)

# नए भारत के नए आपराधिक कानून लागू



**दृष्टिकोण**

● संदीप सिंह

विकसित भारत 2047 के परिपेक्ष्य में देश की मोदी सरकार आये दिन नए कदम उठा रही है। इसी कड़ी में 1 जुलाई 2024 से देश के अंदर नए आपराधिक कानूनों को लागू कर दिया गया हैं, जिसके बाद अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम को खत्म कर दिया हैं। तीनों नए आपराधिक कानून में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने आईपीसी (1860), सीआरपीसी (1973) और एविडेंस एक्ट (1872) की जगह ले ली है।नए कानून के तहत 1 जुलाई से केस दर्ज होना शुरू हो गए हैं। इन कानूनों से जुड़े विधेयक को पिछले साल 2023 संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से पास करवाया गया था। इस कानून के लागू होने के बाद से कई धाराएं और सजा के प्रावधान में बदलाव किया है। वही कुछ राजनीतिक दल इसका जमकर विरोध भी कर रहे हैं।

### भारतीय न्याय संहिता - BNS

भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस) में कुल 358 धाराएं हैं। पहले आईपीसी में 511 धाराएं थीं। ब्नहस में 20 नए अपराध शामिल किए हैं। 33 अपराधों में सजा की अवधि बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। 83 अपराधों में जुर्माने की राशि बढ़ा दी है। 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया है। अधिनियम में 19 धाराएं निरस्त या हटा दी हैं। साथ ही 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। 22 धाराओं को निरस्त किया है।

### - भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता - BNSS

इसी तरह, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) में कुल 531 धाराएं हैं। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। BNSS में कुल 177 प्रावधान बदले हैं। इसमें 9 नई धाराओं के साथ-साथ 39 नई उपधाराएं भी जोड़ी हैं। 44 नए प्रावधान और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं। 35 सेक्शन में समय-सीमा जोड़ी गई है और 35 सेक्शन पर ऑडियो-वीडियो प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 14 धाराएं निरस्त और हटा दी गई हैं।

### - भारतीय साक्ष्य अधिनियम - BSA

भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) में कुल 170 धाराएं हैं। कुल 24 प्रावधान बदले गए हैं। दो नई धाराएं और छह उप-धाराएं जोड़ी हैं। 6 प्रावधान निरस्त किये गए है। नए कानून में छीना-झपटी से जुड़े मामले में ब्नहस की धारा 302 के तहत केस दर्ज होगा। पहले आईपीसी में धारा 302 में हत्या से जुड़े मामले का प्रावधान था। इसी तरह, गैर कानूनी रूप से एकत्र होने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 144 लगाई जाती है। अब इसे धारा 187 कहा जाएगा।

### - अब होगी जीरो एफआईआर

'जीरो एफआईआर' का मतलब है कि, अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में जाकर अपनी प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। नये कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा।

### - 45 दिन के अंदर फैसला

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है तथा यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं। नये कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे।

### राजद्रोह की जगह देशद्रोह

दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट 7 दिन के अंदर देनी होगी। कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। इसके अलावा सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल किए हैं। इसके अलावा मॉब लिंचिंग के मामले में फांसी की सजा का प्रावधान किया है।

### महिलाओं और बच्चों के लिए नया अध्याय

नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि केस दर्ज किए जाते हैं, लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किये हैं। नए कानून में महिलाओं, 15 वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी और वे अपने निवास स्थान पर ही पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# बाबाओं का मायाजाल

> सत्संग जहां 80 हजार की अनुमति के बावजूद ढाई लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे , का अनुभव पलक झपकते त्रासदी में बदल गया । संवेदना मदद तो दूर बाबा फरार हो गया। किसी जमाने में सरकारी नौकरी के दौरा छेड़खानी जैसे मामले में निलंबन झेल चुका बाबा खुद को सुदर्शन चक्र धारी भगवान कृष्ण बताकर अधर्म के विनाश का दावा करता था। धार्मिक आयोजनों में भगदड़ की ऐसी घटनाओं का अपना इतिहास है। राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2000 से 2013 तक की अवधि में ही इनमें लगभग 2,000 लोग मारे गए।



**अभिव्यक्ति**

● चैतन्य भट्ट

उत्तर प्रदेश के हाथरस में नारायण साकार हरि नाम के बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई औ एफसीर दर्जनों घायल हैं। हादसा गीली मिट्टी में बाबा जी के पांव छूने के लिए दौड़े लोगों को हटाकर बाबा के लिए रास्ता बना रहे सेवादारों के कारण हुआ। सत्संग जहां 80 हजार की अनुमति के बावजूद ढाई लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे , का अनुभव पलक झपकते त्रासदी में बदल गया । संवेदना जताना और पीड़ितों की मदद तो दूर बाबा फरार हो गया। किसी जमाने में सरकारी नौकरी के दौरा छेड़खानी जैसे मामले में निलंबन झेल चुका बाबा खुद को सुदर्शन चक्र धारी भगवान कृष्ण बताकर अधर्म के विनाश का दावा करता था। धार्मिक आयोजनों में भगदड़ की ऐसी घटनाओं का अपना इतिहास है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2000 से 2013 तक की अवधि में ही इनमें लगभग 2,000 लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन द्वारा प्रकाशित अध्ययन बताता है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और आयोजनों के कारण होती हैं जिनके प्रमुख कारण हैं निकलने का संकरा रास्ता होना ,क्षमता से अधिक लोगों की भीड़ पर नियंत्रण के उपायों का अभाव और खराब तरीके से चुना गया कार्यक्रम स्थल।आयोजनों में भीड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी आयोजकों और प्रशासन की मानी जाती है। ऐसे आयोजनों की अनुमति के प्रमुख आधार हैं- निकास की समुचित व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन के उपाय और आग जैसी संभावित आपदाओं से निपटने की व्यवस्था । मगर सब जानते हैं कि सारी कार्यवाही महज औपचारिकता है। सामान्यत- आयोजन छोटे मैदानों और यहां तक कि सड़कों तक को घेरकर आयोजित किए जाते हैं। अग्नि प्रबंधन तो छोड़िए, प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं तक नहीं रहतीं। भीड़ प्रबंधन गैर अनुभवी अप्रशिक्षित कार्यकर्ता संभालते हैं।हादसों के शुरुआती ट्रिगर अफ़वाह फैलना, फिसल जाना. संकरी जगह में घबराए हुए लोगों का एक-दूसरे को धक्का देना जैसे कारण होते हैं। बुनियादी ढांचे की कमी से भीड़ का व्यवहार और भी खराब हो जाता है। घबराहट में हर दिमाग में यह अलार्म बजता है कि कोई खतरा है। लोग यह भी नहीं सोचते कि खतरा वास्तविक है या नहीं और क्या यह उन्हें प्रभावित करेगा ? अपने और अपने परिवार के बारे में चिंतित हर व्यक्ति स्वार्थी हो जाता है और बाकी सभी को सिर्फ़ वस्तु और बाधा के रूप में देखता है। हादसों का शिकार ज्यादातर पारिवारिक धुरी का आधार महिलाएं बनती हैं। भागदौड़ में वह शारीरिक तौर पर उतनी मजबूत नहीं होतीं। साड़ी का सामान्य पहनावा भागने में रुकावट बनता है। घबराहट भी तुरंत बढ़ती है जो हृदयाघात और दम घुटने का कारण बनता है। गहरी आस्थाओं वाले भारतीय हिन्दू समाज की धार्मिक गतिविधियां पहले धर्मस्थलों और तीर्थ यात्राओं तक सीमित थी। सत्संग और भजन कीर्तन जैसे समारोह मुख्यतः मंदिरों और प्रमुख धार्मिक त्यौहारों तक सीमित रहते थे। सहजता ऐसी थी कि रामलीला जैसी धार्मिक गतिविधियां भी मनोरंजन के दायरे में आती थीं। मगर पिछले बीस पच्चीस सालों में सहज धार्मिक गतिविधियों ने संगठित व्यावसायिक स्वरूप धारण कर लिया है। संत महात्माओं के रूप में खड़े हुए व्यवस्थाओं को ताक पर रखकर लाखों की भीड़ जुटाने लगते हैं जो ऐसे आयोजनों की टीआरपी है। हर बात को विशुद्ध वोट बैंक के आधार पर आंकने वाली राजनीति इसका फायदा उठाना चाहती है सो ज्यादा भीड़ जुटाने वाले बाबा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और उनके आयोजनों को अनुमति देने के मामले में प्रक्रिया ताक पर रख दी जाती है।

# भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दुगना

● प्रहलाद सबनानी

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401च योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है।भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है।भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है। पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है। इसके परिणाम कई क्षेत्रों जैसे सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल्वे, फार्मा, औटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण, सेमी कंडक्टर, फूड प्रासेसिंग, एयरो स्पेस, आदि में दिखाई भी देने लगे हैं।भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं, इससे अमेरिका के बाद भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ सकता है। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से विश्व में भारत तीसरे स्थान पर ही आ पाएगा। वर्तमान में भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही हो पाया है।

## राशिफल

दिनांक 5 जुलाई 2024

शुभ संवत 2081 शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, अषाढ़ कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमी तिथि 30 शुक्रवार, आद्रा नक्षत्रे, वृद्धि योगे, नाम योगे, मिथुन की चंद्रमा, स्नानदान अमावस्या श्राद्ध अमावस्या, सुखकारक अमावस्या, सर्वार्थ सिद्ध योग तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, उत्तमवृत्ति वाला, योगी-भोगी, वक्ता-अधिवक्ता होगा।

**मेष** बाधा, स्वभाव में उद्विघ्नता तथा दुःख अवश्य ही बनेगा, ध्यान रखें।

**वृष** अवरोध से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति, तनाव अवश्य बनेगा।

**मिथुन** मित्र-सुखवर्धक होंगे, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी।

**कर्क** कार्य और धन अस्त-व्यस्त हो, सतर्कता से कार्य अवश्य ही निपटा लवें।

**सिंह** मनोबल उत्साहवर्धक हो, कार्यगति में सुधार होगा तथा चिन्तायें कम होंगी।

**कन्या** मान-प्रतिष्ठा के साधन बनें, स्त्री से सुख-शांति अवश्य ही बन जायेगी।

**तुला** अग्नि-चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, रुके कार्य बन जायेंगे।

**वृश्चिक** शारीरिक क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, क्लेश तथा भय बना रहेगा।

**धनु** विवादग्रस्त होने से बचिये, तनाव, क्लेश व मानसिक अशांति रहेगी।

**मकर** धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे।

**कुंभ** धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, समय उल्लास से बीतेगा, मनोवृत्ति उत्तम बनी रहेगी।

**मीन** कामनायें पूर्ण होंगी, धन लाभ आशानुकूल, सफलता का हर्ष होगा।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों, चिकित्सा कर्मियों तथा रोगियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी अस्पतालों में सुरक्षा के प्रबंध करें। रोगियों से मिलने वालों के लिए समय निर्धारित करें। केवल प्रवेश पत्र प्राप्त व्यक्ति को ही रोगी से मिलने की अनुमति दें। अस्पताल में कार्य करने वाले डॉक्टरों, चिकित्सा कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों तथा सुरक्षा कर्मियों को पहचान पत्र जारी करें। अस्पतालों में यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा असामाजिक तत्व मिले तो उसे जेल भेजें। उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करें। सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल भवन के अंदर और परिसर में प्रकाश की पूरी व्यवस्था करें। अस्पताल के जिस क्षेत्र में महिलाओं का आवागमन अधिक हो वहाँ सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के साथ सीसीटीवी की निगरानी एवं प्रकाश की समुचित



व्यवस्था करें। जहाँ सीसीटीवी लगे हैं वहाँ 24 घंटे कर्मचारी तैनात कर मॉनीटरिंग कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मेडिकल कालेज के डीन डॉक्टरों का अस्पतालों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। दुर्घटना के शिकार अथवा अन्य आपदा के शिकार व्यक्ति को बिना किसी औपचारिकता के तत्काल उपचार की सुविधा दें। सभी अस्पतालों में इमरजेंसी में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएचसी और पीएचसी का नियमित निरीक्षण करें। अनुपस्थित रहने वाले तथा समय पर कार्य में उपस्थित न होने वाले डॉक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों के विरूद्ध क?ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहा कि अस्पतालों में तैनात सुरक्षा कर्मियों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराएं। अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाकर पूरे परिसर की निगरानी करें। पुलिस अधिकारी रात्रिकालीन गश्त के दौरान अस्पतालों का भी भ्रमण करेंगे। अस्पताल में किसी भी तरह की इमरजेंसी होने पर तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचना दें। पुलिस बल तत्काल आपकी सहायता करेगा। बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने बताया कि एंबुलेंस चालकों के साथ बैठक करके किलोमीटर के हिसाब से इनका किराया निर्धारित कर दिया गया है। एंबुलेंस को क्रमवार टोकन दिया जाएगा। प्राइवेट एंबुलेंस चालक अथवा मालिक हास्पिटल के वार्डों में प्रवेश न करें इसे सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में ब? निर्माण स्थलों में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा तथा अस्पताल परिसरों में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधि चलाने वालों पर कार्यवाही के संबंध में निर्णय लिया गया।

# कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को हर गुरूवार और शुक्रवार सर्किल कोर्ट में सुनवाई करने एवं सीएम हेल्पलाइन की 50 दिन से अधिक के आवेदन शत-प्रतिशत निराकृत करने के निर्देश दिए

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आगामी सात दिनों में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। कोई भी विभाग सीएम हेल्पलाइन में बी ग्रेड से नीचे न रहे इसे सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, वित्त विभाग, नगरीय निकायों तथा स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। संबंधित अधिकारी विशेष प्रयास करके प्रकरणों का निराकरण कराएं।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी नायब तहसीलदार और तहसीलदार प्रत्येक गुरूवार और शुक्रवार को सर्किल कोर्ट में बैठकर प्रकरणों की सुनवाई करें। इसके लिए स्थान निर्धारित करके वहाँ समुचित सूचना बोर्ड लगा दें। बोर्ड में कोर्ट की सुनवाई के दिन समय और अधिकारी का उल्लेख करें। सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजनता को इसकी सूचना दें। एसडीएम निर्धारित दिवसों में सर्किल कोर्ट का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के राहत प्रकरण सात दिवस में स्वीकृत कर उन्हें राशि उपलब्ध कराएं। आगामी त्यौहारों को देखते




हुए अपने अनुभाग में शांति समिति की बैठक आयोजित कर कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित उपाय करें। ईद मिलादउन्नवी के जुलूस तथा गणेश पूजा पंडालों के लिए आवश्यक प्रबंध करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उप संचालक कृषि तथा जिला प्रबंधक विपणन संघ किसानों की माँग के अनुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करें। अभी जिले में नौ हजार टन से अधिक यूरिया उपलब्ध है। इसका समुचित वितरण कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुसार सभी अस्पतालों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें। बैठक में शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने तथा विभागों को आवंटित शासकीय भूमि को खसरे में दर्ज कराने के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

## संजय गांधी अस्पताल की सुरक्षा के दावों की खुली पोल, सिर्फ बैठक और भ्रमण तक सीमित प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन...




रीवा। जिले के संजय गांधी अस्पताल में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बनाए गए अभेद किले में अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी सेंध लगाई है। जहां पुलिस एवं प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था के लिए भ्रमण और सिर्फ बैठक करता रहा, और अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। संजय गांधी अस्पताल में दिन में ही चोरी और लूट की कई वारदातो से हड़कंप मच गया है। बता दे कि अस्पतालों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री से मिले निर्देश के बाद जब सुरक्षा के इंतजाम किए गए तभी अपराधिक तत्वों ने एक ही दिन में लगभग आधा दर्जन घटनाओं को अंजाम देकर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। जानकारी के अनुसार संजय गांधी अस्पताल में सप्ताह के पहले ही दिन उमरी मरीज और उनके परिजनों की भीड़ के बीच अपराधिक तत्वों ने लगभग आधा दर्जन लोगों को चोरी और लूट की घटनाओं का शिकार बनाया है। अस्पताल एक्सरे हाल में अपनी बारी का इंतजार कर रही एक महिला एवं एक पुरुष का मोबाइल आरोपी छीन कर फरार हो गए। दूसरी ओर पर्ची के लिए लाइन में लगी एक महिला का पर्स लेकर आरोपी भाग निकले। तो वही आउटडोर में पर्ची लाइन में आरोपी मोबाइल छीनकर फरार हो गए। और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए ऊपर से मिले निर्देश के बाद एक सप्ताह के अंदर जोनईजी से लेकर सभी थाना प्रभारी ,कलेक्टर से लेकर तहसीलदार ,यातायात और आरटीओ विभाग बैठक ले चुका है। बैठक के दौरान कई तरह के निर्देश भी जारी किए गए। अस्पताल की ओर जाने वाले एक रास्ते को छोड़कर सभी रास्तों को बंद कर दिया गया। लेकिन अस्पताल के अंदर आपराधिक तत्वों ने पुनः अपना कारनामा कर दिखाया। यह सभी घटनाएं सोमवार की सुबह तकरीबन 9ः00 से 11ः00 के बीच हुई और आरोपी घटनाओं को अंजाम देकर वहां से सुरक्षित निकल गए। हालांकि उस दौरान फरियादी अस्पताल चौकी में चक्कर काट रहे थे लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं था।

# एनएसयूआई नें उच्च शिक्षा विभाग में सौंपा ज्ञापन :महाविद्यालयों में बंद हो चुकी प्रवेश प्रकिया चालू कराने व सीट बढ़ाने की मांग...

**अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन....**






रीवा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अनुस्वार जिला अध्यक्ष पंकज उपाधियों की नेतृत्व में रीवा के अतिरिक्त संचालक महोदय को ज्ञापन सोपा गया है वह प्रवेश प्रक्रिया को पुन प्रारंभ करने को लेकर प्रदर्शन किया गया।।जारी तहसील जाति में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि शान द्वारा अभी दो दिनों के लिए ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया चालू की गई थी परंतु किसी भी महाविद्यालय में ऑपरेटर वाई-फाई वा सिस्टम न काम करने की वजह से कोई भी छात्र छात्राएं प्रवेश नहीं ले पाए और रीवा जिले की सभी महाविद्यालय का यही हाल रहा सैकड़ो की संख्या में छात्र प्रवेश से वंचित रह गए हैं इसी को लेकर आज हम लोगों ने अतीत संचालक महोदय के कार्यालय में प्रदर्शन कर मांग किया है कि जल्द से जल्द प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए वा जिन कोसों पर सीट नहीं है उसमें सीट भी बढ़ाया जाए। ताकि जो सामान परिवार से छात्र-छात्राएं हैं वह प्रवेश से वंचित न रह जाए। यहां तक की त्रास महाविद्यालय का यह हाल रहा है कि जब प्रचार मैडम से छात्र मिलने पहुंचे की मैडम जी यहां रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है ऑपरेटर नहीं तो मैडम का कहना होता है कि इसमें मैं क्या करूं तो प्रचार मैडम को यह भी बताया जाए कि आप जिस पद में हो तो वह आपकी ही जिम्मेदारी है कि ऑपरेटर नहीं है सिस्टम नहीं है तो उनकी व्यवस्था की जाए यह आपसे सुनने के लिए छात्र नहीं बैठे हैं। छात्रों की समस्या सुनने के लिए आप बैठी। अभी 5 सितंबर को डिप्टी सीएम जी का आगमन भी हो रहा है टीआरएस महाविद्यालय हम सभी छात्र-छात्राओं के साथ डिप्टी सीएम से मुलाकात कर प्रचार मैडम को पदमुक्त करने की भी मांग करेंगे क्योंकि इनका व्यवहार छात्रों के प्रति अच्छा नहीं रहता है।इसी प्रकार टीआरएस महाविद्यालय में एमएससी चौथे सेमेस्टर वा बीकॉम सीए पहला सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के दो दिन पहले परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है जिसमें एक ही विषय पर मेधावी संबल के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राओं को जबरदस्ती प्रमोटेड एटीकेटी किया गया है ताकि वह छात्र जो पढ़ रहे हैं उनकी फीस लगना चालू हो जाए और पुन शुरू से लेकर अंतिम तक उन्हें फीस देना पड़े हलकी यहां हर वर्ष इसी तरह किया जाता है मेधावी संबल के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राओं को परेशान किया जाता है।इस दौरान जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय,उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा,संघठन मंत्री शिवम मिश्रा,शशिमोल तिवारी,विधानसभा अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी महासासिव सत्यम शुक्ला विमल पटेल संजीव शुक्ला,मोहित शुक्ला,ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी,इकाई अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा,अभिमयु सिंह, आईटी सेल अध्यक्ष विनय तिवारी,शिवराज पांडे,रितिक तिवारी सुजल तिवारी,गौरव सिंह,आदर्श पांडे,प्रशांत तिवाड़ी,आदि सैकड़ो की संख्या में छात्र उपस्थित रहे।।

## समदड़िया गोल्ड में मूवी देखने गये कपल के साथ के कैंटीन संचालक ने की अभद्रता, समोसे में कीड़े मिलने का किया था विरोध



रीवा। समदड़िया गोल्ड में मूवी देखने गए कपल के साथ कैंटीन संचालक ने अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी है। जिसकी रिपोर्ट अमहिया थाने में कपल द्वारा दर्ज कराई गई है। रविवार को एक कपल समदड़िया गोल्ड में मूवी देखने गया था। जहां इंटरवेल के दरम्यान यह कपल लंच करने कैंटीन पहुंचा। समोसे आर्डर किये। जब वह सामोसे खाने लगे तो उन्हें सामोसे में कीड़े मिले। कपल ने जब इसका विरोध किया तो कैंटीन संचालक द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई। उन्हें दो घंटे तक बैठाया गया। इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी रिपोर्ट कपल द्वारा अमहिया थाने में दर्ज कराई गई।पीड़िता दीपा शर्मा ने बताया कि वह अपने पति डॉ. मुकेश शर्मा के साथ समदड़िया सिनेमा गोल्ड में मूवी देखने रविवार को गये थे। उनके पति पेशे से जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा में अधिवक्ता है। मूवी के इंटरवेल के दौरान वह लंच करने सिनेमा हाल में ही संचालित में कैंटीन पहुंचे। जहां उन्होंने सामोसा आर्डर किया। समोसे का सेवन करने के दौरान उन्हें कीड़े मिले। जिसकी शिकायत वह कैंटीन संचालक से करने गये तो संचालक द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई। उन्हें कैंटीन में ही दो घंटे तक बिठाया गया। इस दौरान उनके साथ अश्लील भाषाओं का प्रयोग किया गया। बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी गई। जान से मारने की धमकी दी गई। कैंटीन संचालक का कहना था कि आपने आधे समोसे खा लिये हैं और अब पैसे वापिस पाने के लिए यह सब ड्रामा कर रहे हैं। **दर्ज कराई एफआईआर**-कपल पूरे मामले की शिकायत लेकर अमहिया थाने पहुंचा। जहां समदड़िया सिनेमा गोल्ड में संचालित कैंटीन संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता का कहना था कि मेरे और मेरे पति के साथ कैंटीन संचालक द्वारा अभद्रता की गई है। जान से मारने की धमकी दी गई है। हमें कैंटीन संचालक के व्यवहार से बेहद डर लग रहा है। इसलिए हम पुलिस की शरण में आयें हैं। हमें न्याय चाहिए।

## रीवा की सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा! कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं सुधरी स्थिति



रीवा। रीवा की सड़कों पर आवारा मवेशी का डेरा है। मुख्यमंत्री और कलेक्टर के आदेश के बाद भी शहर की सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह आवारा मवेशी देखने को मिल जाएंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आदेश जारी कर 15 दोनों को भीतर आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त के साथ ही सभी एसडीएम को और सीएमओ सहित स्थानीय प्रशासन को दिए थे। लेकिन कलेक्टर के आदेश का पालन होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। कलेक्टर के इस आदेश को 10 दिन से अधिक समय हो चुका है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के द्वारा मवेशी तो दूर शहर तक में इनका कोई सही इंतजाम नहीं किया गया। लिहाजा शहर में जगह-जगह पर आवारा मवेशी आवा गमन को बाधित कर रहे हैं। साथ ही दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए मुसीबत बने आवारा मवेशी**-उधर ग्रामीण क्षेत्र में यह आवारा मवेशी किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन चुके हैं। किसान नेता शिव सिंह ने बताया कि आवारा पशु खेती को पूरी तरह से बर्बाद कर रहेहैं। लेकिन प्रशासन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। किसन दिन रात मेहनत कर फसल तैयार करता है। लेकिन आवारा मवेशी चंद समय में ही खड़ी फसल को बर्बाद कर देते हैं। जिससे किसानों को खेती से लागत तक निकलना मुश्किल हो जाता है। किसान करे तो क्या करें वह मजबूर और परेशान है। किसान आवारा पशुओं से खेती के बर्बाद होने की सूचना समय-समय पर जिला प्रशासन को देते रहे हैं। लेकिन अब तक इसका कोई समाधान नहीं निकल गया है।

## रीवा में सोलर पैनल के नीचे मिली लाश! पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी, हाथ में करंट के निशान

रीवा। जिले के गुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोलर पावर प्लांट में लगे प्लेट के नीचे एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक अभी शव की शिनाख्त नहीं की जा सकी है।डीएसपी हिमाली पाठक ने बताया कि युवक के हाथ में करंट के निशान है। हालांकि मौत की असली वजह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटनास्थल पर एक पेचकस भी पड़ा मिला है। सोलर पैनल पर पहले भी चोरी की घटनाएं होती रही हैं। जिससे प्रथम दृष्ट्या संभावना है कि चोरी के प्रयास में युवक को करंट लग गया होगा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई होगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।









# लंदन में छुट्टियां मना रही हैं: परिणीति



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा यूके में छुट्टियां मना रही हैं। लंदन स्ट्रीट पर चहलकदमी करती तस्वीरों को सोशल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट भी किया है। साथ में थे उनके दोस्त, मॉडल और सोशल इन्फ्लुएंसर राजीव अदातिया। परिणीति चोपड़ा के इंस्टाग्राम पर 44.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो लंदन में लेक व्यू का आनंद उठाती दिख रही हैं।

परिणीति ने व्हाइट कलर की लॉन्ग स्लीव टी-शर्ट और ब्लेक टाइट्स पहना हुआ है। उन्होंने काले स्पोर्ट्स शूज, सनग्लासेस, पोनी टेल और एक क्रॉस बॉडी बेग के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया। क्लिप में वो एक झील किनारे चलते हुए बत्तखों और पक्षियों को देख रही हैं। वीडियो में राजीव भी परिणीति के साथ नजर आ रहे हैं। राजीव के हालिया प्रोजेक्ट की बात करें तो वो कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस 15' में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में दिखाई दिए थे। इस सीजन में अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश विजेता और प्रतीक सहजपाल उपविजेता थे।

परिणीति के पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने 24 सितंबर, 2023 को उदयपुर के एक निजी लग्जरी होटल में आम आदमी पार्टी नेता और सासंद राघव चड्ढा के साथ शादी की। एक्टर ने 2011 में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा स्टारर वाईआरएफ की रोमांटिक कॉमेडी 'लेडीज वर्सेज रिकी बहल' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह 'शुद्ध देसी रोमांस', 'हंसी तो फंसी', 'जबरिया जोड़ी', 'द गर्ल ऑन द ट्रेन', 'गोलमाल अगेन', 'संदीप और पिंकी फरार', 'इश्कजादे' और 'मिशन रानीगंज' जैसी फिल्मों में दिखीं। हाल ही में परिणीति बायोग्राफिकल म्यूजिकल ड्रामा 'अमर सिंह चमकीला' में अमरजोत कोर की भूमिका में नजर आई थीं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने टाइटल रोल निभाया था।फिल्म पंजाब के रॉकस्टार और अपने जमाने के मशहूर सिंगर अमर सिंह चमकीला की सच्ची प्रेम कहानी पर आधारित है।



# दिलजीत ने अपने किचन का वीडियो कयिा शेयर

पंजाबी सनसनी दिलजीत दोसांझ ने अपने कचिन में उत्तर और दक्षिण के मिश्रण की एक झलक दखिलाई। सोशल मीडिया के शौकीन दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जहां वह चिकन बनाते नजर आ रहे हैं, जबकि उनका रसोइया डोसा बनाते नजर आ रहा है।

अभिनेता-गायक को पकवान बनाने के तरीके के बारे में निर्देश देते हुए देखा जाता है। वह पंजाबी में अपने अनूठे और खुश करने वाले तरीके से नुस्खा साझा करते हैं। दोनों व्यंजन बनने के बाद दिलजीत और उनके रसोइये कचिन में नाचते हुए दिखाई देते हैं। दिलजीत ने क्लिप को केप्शन दिया, कुक्कड़ बनाम डोसा। काम की बात करें तो दिलजीत आखिरी बार पर्दे पर इम्तियाज अली की हिंदी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आए थे। यह फिल्म विवादास्पद संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर बनाई गई थी। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने उनकी पत्नी अमरजोत का किरदार निभाया था।

पंजाबी फिल्मों में दिलजीत को जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 में देखा गया था। यह फिल्म 2012 की ब्लॉकबस्टर जट्ट एंड जूलियट और जट्ट एंड जूलियट 2 की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो 2013 में रिलीज हुई थी।

# बॉबी देओल ने लिखा इमोशनल पोस्ट



बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने अपनी मां प्रकाश कोर के जन्मदिन पर इमोशनल पोस्ट लिखा है। सनी देओल और बॉबी देओल की मां प्रकाश कोर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। प्रकाश कोर आज 88 साल की हो गई हैं और इस खास दिन पर उनके छोटे बेटे बॉबी देओल ने उन्हें बर्थडे विश किया है और उनके लिए इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। बॉबी देओल ने अपनी मां के साथ खूबसूरत तस्वीर पोस्ट करते हुए इमोशनल केप्शन लिखा,हैप्पी बर्थडे टू माय एवरीथिंग, मां... आई लव यू।

# 13 सितंबर को फिर से रिलीज होगी फिल्म 'तुम्बाड'



अभिनेता सोहम शाह स्टारर वर्ष 2018 की बहुचर्चित फिल्म 'तुम्बाड' 13 सितंबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म तुम्बाड के मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए 'तुम्बाड' की रिलीज की घोषणा की। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में वापसी करेगी। पोस्टर में विनायक राव (सोहम शाह द्वारा निभाया गया किरदार) को अपने छोटे बेटे के साथ हाथ में लालटेन लिए, भयावह रात में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है।पोस्टर के साथ मेकर्स ने टेगलाइन दिया है, सिनेमाघरों में 13 सितंबर, 2024 को करें अनुभव। 'तुम्बाड' ने एक काल्पनिक पौराणिक गांव में स्थापित हॉरर कहानी से दर्शकों की खूब प्रशंसा पाई। इस फिल्म का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया है।

# अभय देओल ने दिखाया अपना 'सस्ता ब्रैड पिट लुक'

अभिनेता अभय देओल ने रविवार को अपने नए लुक और हेयरस्टाइल की झलक दिखाते हुए खुद को 'सस्ता ब्रेड पिट' बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर अभय ने कई तस्वीरें साझा की, जिनमें हम उन्हें काले रंग की स्लीवलेस टी-शर्ट और नीले रंग की जॉगर्स पहने हुए देख सकते हैं। इंस्टाग्राम पर अभय के 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

तस्वीरों में वह अपना नया हेयरस्टाइल और साल्ट-ऐंड-पेपर दाढ़ी वाला लुक दिखाते नजर आ रहे हैं। हम तस्वीरों में उनके खूबसूरत डिम्पल भी देख सकते हैं। पोस्ट को केप्शन दिया गया है, फ्रेश कट, नया लुक। मैं इसे 'सस्ता ब्रेड पिट' कहता हूं। एक प्रशंसक ने पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा, अभय देओल टायलर डर्डन की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन ब्रेड पिट कभी देव की भूमिका नहीं निभा सकते।

एक अन्य यूजर ने कहा, ब्रेड पिट की इच्छा है कि वह आप होते। वहीं एक और फैन ने कहा, ब्रेड पिट पर डिंपल अच्छे लग रहे हैं। एक यूजर ने टिप्पणी की, सुपरचोर...सबका दिल चुरा लिया। निजी जीवन की बात करें तो अभय बॉलीवुड स्टार धर्मेंद्र के भतीजे और सनी देओल, बॉबी देओल, ईशा देओल और अहाना देओल के चचेरे भाई हैं। काम की बात करें तो



अभय ने 2005 में इम्तियाज अली की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'सोचा ना था' से फिल्मी करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने आयशा टाकिया के साथ अभिनय किया था। इसके बाद उन्होंने 'आहिस्ता आहिस्ता', 'हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड', 'एक चालीस की लास्ट लोकल', 'मनोरमा सिक्स फीट अंडर', 'ओए लकी! लकी ओए!' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। अभय ने 2009 में अनुराग कश्यप द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक ड्रामा 'देव.डी' में मुख्य भूमिका निभाई थी, जो शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के बंगाली उपन्यास 'देवदास' का आधुनिक रूप थी।

48 वर्षीय अभिनेता 'आयशा', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'शंघाई', 'रांझणा', 'हैप्पी भाग जाएगी', 'नानू की जानू' और 'वेले' में भी नजर आए। उन्हें आखिरी बार क्राइम ड्रामा सीरीज 'ट्रायल बाय फायर' में देखा गया था, जो प्रशांत नायर, केविन लुपर्चियो द्वारा लिखित और प्रशांत और रणदीप झा और अवनी देशपांडे द्वारा निर्देशित थी। इसमें आशीष विद्यार्थी, अनुपम खेर, राजश्री देशपांडे, राजेश तैलंग, रत्ना पाठक शाह, शिल्पा शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

बहुरंग

# अनन्या पांडे की सीरीज 'कॉल मी बे' में हर मूड के लिए एक गाना



अनन्या पांडे अभिनीत स्ट्रीमिंग सीरीज 'कॉल मी बे' का एल्बम रविवार को रिलीज किया गया। 10 ट्रेक वाले इस एल्बम में हर एक मूड के लिए कोई न कोई गाना है। एल्बम की शुरुआत अर्बन पॉप ट्रेक 'वेख सोनेया' से होती है। इसे चरण और 'बॉम्बे द आर्टिस्ट' की जोड़ी ने गाया, लिखा और कंपोज किया है। इसे दिशांत ने प्रोड्यूस किया है। इसके बाद अपबीट डांस पॉप नंबर 'वारे' आता है।

'चुराइयां' इमोशनल स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर को कवर करता है और यह अभिजीत श्रीवास्तव द्वारा कंपोज किया गया है।लिसा मिश्रा, रूह और जोह द्वारा गाया गया पॉप ट्रेक 'यारा तेरे बिन' एक सेड सॉन्ग है, जो खोए हुए प्यार के बाद महसूस किए जाने वाले खालीपन के बारे में बात करता है। जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया 'ख्वाहिश अधूरी' अधूरी इच्छाओं के बारे में है, जबकि 'मुंबई हसल' हिप-हॉप ट्रेक मुंबई की ऊर्जा को दर्शाता है, जो शहर की गति और सफल होने की इच्छा के बारे में है।अनन्या पांडे ने कहा, मेरी सीरीज का एल्बम मेरे किरदार के जीवन की प्लेलिस्ट है। यह मेरी पसंदीदा प्लेलिस्ट बन गई है। हर गाना मुझे सेट पर उस पल की याद दिलाता है, जिसे मैं शूटिंग के दौरान जी रही थी।

दिलचस्प

# आशा नेगी ने फैंस के साथ शेयर किया अपना संडे प्लान



अभिनेत्री आशा नेगी ने प्रशंसकों को अपने संडे प्लान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह खिड़की से बाहर देखना, और पिज्जा खाना चाहती हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 मिलियन फॉलोअर्स वाली आशा ने कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें हम उन्हें प्लेन व्हाइट स्लीवलेस ड्रेस पहने हुए देख सकते हैं। उन्होंने नो-मेकअप लुक चुना है और अपने बालों को आधा बांधा है। आउटफिट को खूबसूरत बटरफ्लाई पेंडेंट से सजाया गया है।फोटो में पिज्जा की एक झलक भी देखी जा सकती है।हाल ही में आशा अपनी बेस्ट फ्रेंड श्रेया शर्मा और निष्ठा शर्मा के साथ अपना 35वां जन्मदिन मनाने के लिए पहाड़ी इलाकों की सैर पर गई थीं।आशा ने 2010 में 'सपनों से भरे नैना' शो से टेलीविजन पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने मधुरा की भूमिका निभाई थी।वह 'बड़े अच्छे लगते हैं', 'पवित्र रिश्ता', 'शुभ विवाह', 'एक मुट्ठी आसमान' जैसे टीवी शो का हिस्सा रही हैं। आशा 'नच बलिए 6' की विजेता रही हैं और वह 'फियर फेक्टरः खतरों के खिलाड़ी' सीजन छह में भी भाग ले चुकी हैं।आशा को पिछली बार ड्रामा सीरीज 'इंडस्ट्री' में अभिनेत्री सान्या सेन की भूमिका निभाते हुए देखा गया था।

# कपूर खानदान में महिलाओं पर एक्टिंग करने पर रोक नहीं थी: करिश्मा कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर का कहना है कि कपूर खानदान में महिलाओं पर एक्टिंग करने पर रोक नहीं थी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर - सीज़न 4, के जजेस करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस ,जाकिर खान के शो 'आपका अपना जाकिर' में पहुंचे।शो में एक सेगमेंट के दौरान जाकिर खान ने करिश्मा से पूछा कि क्या कपूर फैमिली में महिलाओं के काम करने को लेकर रोक थी? क्या आपको एक्टिंग में करियर बनाने की परमिशन थी?

करिश्मा कपूर ने जवाब में कहा, 'ये सब बातें हैं कि मुझे परमिशन थी या नहीं थी। जब मेरी मम्मी की शादी हुई और नीतू आंटी की शादी हुई, उनकी च्वॉइस थी कि उनको घर बसाना था। बच्चे करने थे और करियर अच्छा हुआ था। उनकी च्वॉइस थी।उसी समय में शम्मी अंकल और शशि अंकल की पत्नियां जो थीं, गीता जी और जेनिफर आंटी उन्होंने काम किया शादी के बाद। तो ऐसी कुछ बात नहीं है कि कपूर फैमिली में शादी के बाद काम नहीं कर सकते या कपूर लड़कियां काम नहीं कर सकती. ऐसा कुछ नहीं था। मेरी एक्टिंग में दिलचस्पी थी तो इसीलिए एक्टिंग में आई। वैसे ही करीना और रणवीर भी आए, लेकिन रिद्धिमा को एक्टिंग में इंटरेस्ट नहीं था तो इसीलिए उसने दूसरा करियर ऑप्शन चुना। किसी को भी अपना करियर चुनने पर रोक नहीं थी।

# गलत ट्रांजेक्शन के कारण दूसरे खाते में गई राशी सायबर सेल ने कराई वापिस

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी - दिनांक 08.08.2024 को शिकायतकर्ता श्रीपाल सिंह सिकरवार निवासी खनियाधाना शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला शिवपुरी में शिकायती आवेदन देकर बताया गया कि मेरे खाते से 90000/- रूपय गलत यूपीआई के कारण अन्य खातें में ट्राजेक्शन हो चुके है। शिवपुरी - शहर में घटित हो रहे सायबर क्राइम के संबंध मे प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं सायबर सेल प्रभारी उनि धर्मेन्द्र सिंह जाट एवं उनकी सायबर सेल टीम द्वारा दिनांक 08.08.2024 को शिकायतकर्ता श्रीपाल सिंह सिकरवार निवासी खनियाधाना शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला शिवपुरी में शिकायती आवेदन देकर बताया गया कि फरियादी के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से गलत यूपीआई के कारण



90000/- रु. की राशी अन्य खातें में चले गये है। फरियादी के बैंक खाते की पूरी जानकारी हांसिल कर खाते से ट्रान्सफर हुये पैसो की जानकारी एकत्रित की गयी। फरियादी के खाते से ट्रांसफर की 90000/-रु. की राशी जाना बैंक के खाते में ट्राजेक्शन हुआ था उक्त जाना बैंक से संम्पर्क कर संबंधित खाते का ब्योरा लिया गया। तत्पश्चात जाना बैंक से संम्पर्क कर 90000/- रूपये आवेदक को वापस कराये गये। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से फरियादी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी आकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय व सायबर टीम की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया। सरानीहय भूमिका सायबर सेल प्रभारी उनि. धर्मेन्द्र सिंह जाट, सउनि. अजय पाल, कार्य. प्र.आर. विकास सिंह चौहान, आर. जलज रावत, आर. दामोदर परिहार, आलोक व्यास, मानवेद्र गुर्जर ।

# फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार




शिवपुरी - शिवपुरी में चलाये जा रहे स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किये जाने के अभियान के दौरान में तत्परता से कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी देहात व उनकी टीम द्वारा माननीय न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्र. 490/22 में जो काफी समय से चल रहे फरार स्थाई वारंटी नरेन्द्र सोनी पुत्र गणेशराम सोनी उम्र 42 साल निवासी राधारमण मंदिर के पास पुरानी शिवपुरी को बडा बाजार पुरानी शिवपुरी से आज दिनांक 02.09.24 को गिरफ्तार किया गया। एवं गिरफ्तारी वारंटी गुरजेन्ट सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह सिख उम्र 28 साल निवासी ग्राम कोटा थाना देहात शिवपुरी को कोटा गुरुद्वारा के पास से गिरफ्तार किया गया।

**सराहनीय भूमिका–** निरीक्षक जितेन्द्र सिंह माबई थाना प्रभारी देहात, प्रआर.86 भगवत प्रसाद चतुर्वेदी, प्रआर.55 महेन्द्र सिंह दीवान, आर. 30 गिर्राज रावत थाना देहात जिला शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही है।

करैरा हनीट्रैप मामले में षड्यंत्रकारी राधेलाल और युवती के खिलाफ जल्द दर्ज होगी एफआईआर

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने एसपी अमन सिंह राठौड़ से की मुलाकात एसपी ने मामले में करैरा एसडीओपी को दिए कार्रवाई के निर्देश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिले की करैरा विधानसभा में बहुचर्चित हनीट्रैप मामले में आज कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर इस मामले में कार्यवाही की मांग की। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने इस मामले में करैरा एसडीओपी को कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। यहां आपको बता दें कि कुछ दिन पहले एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें करैरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव के बेटे शिशुपाल को हनीट्रैप में फंसाकर 50 लाख रुपए हड़पने का षड्यंत्र रचा गया था। लेकिन ऑडियो वायरल होने के बाद इस षड्यंत्र का खुलासा हो गया जिसके बाद पूर्व विधायक ने इस मामले में षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इस मामले में आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की जिस पर एसपी ने करैरा एसडीओपी को मामले में कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

# करैरा हनीट्रैप मामले में षड्यंत्रकारी राधेलाल और युवती के खिलाफ जल्द दर्ज होगी एफआईआर

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने एसपी अमन सिंह राठौड़ से की मुलाकात एसपी ने मामले में करैरा एसडीओपी को दिए कार्रवाई के निर्देश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिले की करैरा विधानसभा में बहुचर्चित हनीट्रैप मामले में आज कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर इस मामले में कार्यवाही की मांग की। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने इस मामले में करैरा एसडीओपी को कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। यहां आपको बता दें कि कुछ दिन पहले एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें करैरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव के




बेटे शिशुपाल को हनीट्रैप में फंसाकर 50 लाख रुपए हड़पने का षड्यंत्र रचा गया था। लेकिन ऑडियो वायरल होने के बाद इस षड्यंत्र का खुलासा हो गया जिसके बाद पूर्व विधायक ने इस मामले में षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इस मामले में आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की जिस पर एसपी ने करैरा एसडीओपी को मामले में कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

# थाना रन्नौद पुलिस ने हत्या के मामले में फरार 10,000 रूपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**संवादाता हरिओम परिहार**




श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव मुले एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय अनुभाग कोलारस श्री विजय कुमार यादव के दिशा निर्देशन में 10,000 रूपये के इनामी आरोपी को पकडने मे सफलता हासिल की है। आज दिनांक 02.09.2024 को थाना रन्नौद के अपराध क्र. 122/24 धारा 294,323,324,506, 34 भादवि ईजाफा धारा 302,452,449,325 भादवि में घटना दिनाँक 02.06.2024 से फरार आरोपी राधेलाल पुत्र धीरज सिंह लोधी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम विजयपुरा को गिरफ्तार किया गया है। सराहयनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रन्नौद उप निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान, सउनि ब्रजमोहन सैलर, प्रआर 269 ऊधम सिंह भिलाला, आर. 846 महेश पटेलिया, आर. 1086 राजवीर पवैया, आर. 383 रणवीर सिंह यादव की सराहयनीय भूमिका रही है।

# मुक्तिधाम में पशु भूख-प्यास से बेहाल

## ग्राम पंचायत डामरोनखुर्द का मामला



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**

करैरा- डामरोनखुर्द गाँव के मुक्तिधाम में निराश्रित पशुओं के बंद होने के कारण पशुओं की हालत बद से बदतर होती जा रही है भूख और प्यास से तड़पते ये पशु अब दम तोड़ने की कगार पर हैं प्रशासन को से इस मुद्दे पर जल्द से जल्द कार्यवाही करनी चाहिए ताकि इन बेसहारा पशुओं की जान बचाई जा सके। गाँव के मुक्तिधाम में निराश्रित पशुओं को बंद करने का निर्णय कुछ दिनों पहले लिया गया था गाँव के लोगों का कहना है कि ये निराश्रित पशु गाँव की फसलों को नष्ट कर रहे है और जिसके कारण उन्हें मुक्तिधाम में बंद किया गया हालाँकि, इन पशुओं की देखभाल के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण वे भूख और प्यास से बेहाल हैं इन पशुओं के लिए न ही चारे का इंतजाम किया गया और न ही पानी का इसी वजह से अब पशुओं की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है पशुओं को तुरंत मुक्त किया जाए और उनके लिए चारे और पानी की व्यवस्था की जाए प्रशासन को इस दिशा में शीघ्र कदम उठाने चाहिए यह मामला केवल गाँव का नहीं, बल्कि मानवता और पशु कल्याण का भी है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। इस स्थिति ने एक बार फिर से दिखा दिया है कि निराश्रित पशुओं की समस्या केवल गाँवों में ही नहीं, बल्कि पूरे समाज में एक बड़ी चुनौती बन चुकी है प्रशासन और समाज दोनों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो प्रशासन को इस मामले में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्यवाही करे, ताकि पशुओं को राहत मिल सके।

# संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 बूथ कार्यशाला की आवश्यक बूथ क्रमांक 176 में बैठक संपन्न



भारतीय जनता पार्टी की शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को लेकर आज शहडोल नगर मंडल के बूथ क्रमांक 176 में बूथ की बैठक संपन्न हुई बूथ की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने कहा कि 2 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान मे हम सभी को सक्रियता से भाग लेकर सफल बनाना है । विश्व में सबसे अनुशासित ढंग से भारतीय जनता पार्टी का संगठन चलता है । प्रत्येक माह में देश प्रदेश जिला मंडल और बूथ समितियों की बैठक होती है । हम सभी संगठन की रीढ़ की हड्डी है संगठन की पंच निष्ठा हमारे लिए सर्वोपरि है । बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि सदस्यता अभियान मे हितग्रहियो ओर आम जन मानस से भाजपा को जोड़ना ही हमारा लक्ष्य हैं । प्रत्येक बूथ पर हमे 200 से अधिक सक्रिय सदस्य बनना और बनाना है उन्होंने इस दौरान सदस्यता अभियान को लेकर उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी इस। अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा, पार्षद सिल्लू रजक ,वार्ड अध्यक्ष प्रकाश मिश्र, बृजेश गुप्ता, महेंद्र गोस्वामी ,प्रदीप गुप्ता, महेश कुशवाहा ,किशन निषाद, सुमित, करण, राजू ,आयुष कुशवाहा, सिंटू गोले ,नंदू ,जीतू, बूथ की बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पोहरी विधानसभा में अति वृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे के लिए ओबीसी महासभा ने दिया मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिले के पोहरी विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फासलों का सर्वे और मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को ओबीसी महासभा ने किसानों के साथ पोहरी विधानसभा मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम पोहरी एसडीएम मोतीलाल अहिरवार को ज्ञापन सौंपा है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा ओबीसी महासभा म. प्र. भंवर सिंह धाकड़ ने बताया कि पोहरी विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह से खराब हो गई हैं। खराब फसलों का सर्वे कराकर तुरन्त मुआवजा दिया जाए इसके साथ ही कई वर्षो से किसानों को फसल बीमा राशि नहीं मिली है। सोयवीन वर्तमान में बहुत कम दाम पर विक रही है। सोयाबीन समर्थन मूल्य पर 6 हजार में खरीदी कि जाए। किसानों की सभी फसलों



का उचित मूल्य पर ~~रूक~~ कानून बनाया जाए। किसानों को पम्प लाईन वाली विजिली कम से कम 18 घटें दें जिसमें से 12 घंटें किसानों के लिए दिन में ही बिजली दी जाएं और मध्यप्रदेश की पोहरी विधानसाभ में किसानों की सिचाई के लिये कोई ऐसी सिचाई परियोजना नही है अतः पोहरी बिधानसाभ के किसानों की मुख्यमंत्री जी से आवश्यक माग है कि कूनो नदी पर एक बडा बांध बनाकर पोहरी बिधानसाभ के किसानों के लिए एक बडी सिचाई परियोजना लाई जाऐ और किसानों के लिऐं मध्यप्रदेश में सभी ब्लॉक केन्द्रो पर तुरन्त खाद पहुंचाया जाए। इस मौके पर क्षेत्र के किसान और ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुनवाई न होने पर ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धाकड़ एसडीएम कार्यालय के बाहर अपने कपड़े फाड़ दिए कहां की जब हम किसानों के पास कुछ रहेगा ही नही तो फिर कपड़े पहन कर भी क्या करेगे

# जीएसटी नहीं हुई कम, तो सड़क से संसद तक होगा जूता व्यापारियों का आंदोलन

आगरा। दो वर्ष पूर्व जूते पर 5 से 12 प्रतिशत की गई जीएसटी को लेकर जूता व्यापारियों व दस्तकारों में आक्रोश बड़ता जा रहा है। 02 सितम्बर को द आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन के तत्त्वावधान में जयपुर हाउस स्थित श्रीराम पार्क में सुबह 11 बजे से विशाल अखिल भारतीय जूता संघ की महासभा आयोजित की जा रही है। जिसमें आगरा सहित देश के लगभग 12 प्रांतों के जूता संघ के पदाधिकारी व दस्तकारों, विभिन्न पंचायतों के कारीगर सहित लगभग 5 हजार से अधिक लोग अपनी मांग को लेकर एक मंच पर जुटेंगे। आज द आगरा फैक्टर्स शू फैडरेशन के हींग की मंडी स्थित कार्यालय पर आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम व आम सभा में फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने महासभा की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने जूते पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत नहीं की तो सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन होगा। जूता उद्योग से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मलित रूप से अखिल भारतीय जूता व्यापारी संगठन बनाया गया है, जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी, असम से लेकर महाराष्ट्र तक विभिन्न प्रांतों के पदाधिकारी 2 सितम्बर को श्रीराम पार्क जयपुर हाउस में एकत्रित होंगे। महासभा के माध्यम से अपनी मांग को हम सरकार तक पहुंचाएंगे। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से 12 प्रतिशत जीएसटी होने पर कारीगरों की दयनीय स्थिति को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। कई कारीगरों द्वारा आत्महत्या कर ली गई। शहर के लगभग तीन लाख परिवार जूता व्यापार से जुड़े हैं। हमें जूता उद्योग के पुराने दौर का लौटा कर लाना है। बताया कि महासभा में द आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन, सोल एसोसिएशन, कुटिर उद्योग, ट्रैडर्स, नेशनल चैम्बर, सभी दस्तकार, जाटव महापंचायतों से सभी पदाधिकारी सभी वह लोग जो जूता व्यवसाय से जुड़े हैं, महासभा में भाग लेंगे। मुस्लिम समाज से ताहिर कुरैशी, उस्मान कुरैशी ने मंन्टोला व ढोलीखार बाजार से सम्मलित होने का वादा किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिव नरेन्द्र पुरसनानी, कोषाध्यक्ष दिलप्रीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वासु मूलचंदानी, विशेष सलाहकार अजय महाजन, धनश्याम दास रोरा, प्रमोद महाजन, संजय अरोड़ा, अनिल लाल, विजय जटाना, चांद दीवान, प्रमोद जैन, सुधीर महाजन, सोल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद शीतलानी, नेशनल चैम्बर के उपाध्यक्ष अम्बा प्रसाद गर्ग, सोमदत्त, प्रदीप कुमार पिप्पल, चंद्रवीर सिंह फौजदार आदि उपस्थित थे।

**फिटनेस कमेटी ने स्वीकार किया एजेंडा**–अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि 9 सितम्बर को जीएसटी काउंसिल की मीटिंग होने जा रही है। फिटमेंट कमेटी नें हमारे एजेंडे को स्वीकार कर लिया गया है। कई दस्तावेज मांगे गए हैं, जो हमारे द्वारा पहुंचा दिए गए हैं। उम्मीद है सरकार हमारी जायज बात को मानेंगी। जूते पर से जीएसटी को 12 से घटाकर 5 प्रतिशत करवाना हमारी मांग नहीं बल्कि जरूरत है। छोटे कारीगरों सहित जूता उद्योग से जुड़े सभी लोगों पर रोटी का संकट आ गया है। देश में जूते की सबसे बड़ा मंडी आगरा में लगभग 40-45 फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं।

# वास्तु के अनुसार बनायें घर




अगर आप घर बनवाते समय वास्तु का ध्यान रखेंगे तो जीवन में कई परेशानियों से बचे रहेंगे। घर में हमेशा दक्षिणी हिस्से में ही सीढ़ियां बनवानी चाहिए, इससे घर में धन का आगमन सुचारु रूप से होता है। घर के उत्तर-पूर्वी हिस्से तथा उत्तर दिशा में फव्वारा लगाना समृद्धि कारक होता है। इस दिशा में छत पर वाटर टैंक लगाना अच्छा होता है।घर के दक्षिणी हिस्से में यदि तुलसी लगी हो, तो उसे तुरंत वहां से हटा लेना चाहिए, क्योंकि दक्षिण दिशा यम की है और इस दिशा में तुलसी लगाने से घरवालों को अनके प्रकार के रोग व कष्ट झेलने पड़ते है।घर के उत्तरी हिस्से से दक्षिणी हिस्से को हमेशा ऊंचा रखना चाहिए। घर का दक्षिणी हिस्सा उत्तरी हिस्से से जितना ऊंचा होगा, उतनी ही सुख समृद्धि का वास होगा।

मुख्यद्वार सबसे अहम

घर के मुख्यद्वार पर कभी कीचड़, गड्ढा या गंदा पानी नहीं बहना चाहिए, इससे घर में दरिद्रता आती है।

धन की कामना करने वाले को कभी भी देशी घी को जूठे हाथों से नहीं छूना चाहिए। सात मुखी रुद्राक्ष को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। इसे धारण करने से दरिद्रता दूर होती है पर रुद्राक्ष धारणकर्ता को मांस मदिरा से दूर रहना चाहिए

घर में जल का प्रवाह हमेशा उत्तर पूर्व या उत्तर दिशा में रखना चाहिए इससे धन की वृद्धि होती है। घर के ड्राइंग रूम में कभी फालतू का सामान या पुरानी वस्तुएं कभी नहीं रखनी चाहिए। इससे समृद्धि में रुकावट आती है। घर के ईशान कोण या मध्य में भूलकर भी शौचालय नहीं बनवाना चाहिए, इससे घर में अशांति और दरिद्रता आती है। घर के मुख्यद्वार के अंदर दक्षिणी दीवार के पास मनीप्लांट का पौधा लगाना श्रेयस्कर होता है।

भूखंड तिकोना न हो

घर में कभी सामान इधर उधर बिखराकर नहीं रखना चाहिए। घर के मुख्यद्वार में घुसते ही न ही सीधी सीढ़ी होनी चाहिए न ही सीधा अंदर का रास्ता होना चाहिए, घर में एक सीध में तीन द्वार होना भी हानिकारक होता है। घर के लिए कभी भी तिकोना भूखंड नहीं चुनना चाहिए, ऐसे भूखंड में हमेशा रोग और बीमारी लगे रहते हैं और कुछ न कुछ अशुभ ही होता रहता है। घर में कभी भी टूटे फूटे बर्तन, टूटा पलंग या खाट नहीं रखनी चाहिए, इससे घर में दरिद्रता का वास होता है।

लक्ष्मी की कामना करने वाले को कभी भी भगवान विष्णु को कनेर का पुष्प नहीं चढ़ाना चाहिए ऐसा शास्त्रों का कथन है।

घर की दक्षिण दिशा में पहाड़ का चित्र लगाने से समृद्धि आती है। बंद गली के अंतिम मकान जहां गली खत्म होती हो, उसमें नहीं रहना चाहिए। दीपक, पलंग या कैथे के पेड़ की छाया में कभी नहीं बैठना चाहिए इससे दरिद्रता आती है।

# तुलसी पूजन और गो सेवा से रहेंगे रोग दूर



धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, बहुत सारे ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति सरल एवं सुलभ जीवन व्यतित कर सकता है। उन्हीं में से तुलसी पूजन और गो सेवा दो ऐसे शुभ कर्म हैं, जिस घर में प्रतिदिन होते हैं, वहां का द्वार रोग कभी नहीं खटखटाते और मिलते हैं ढेरों लाभ।

'स्कंद पुराण' के अनुसार जिस घर में तुलसी का बगीचा होता है (एवं प्रतिदिन पूजन होता है), उसमें यमदूत प्रवेश नहीं करते।'

'पद्म पुराण' में आता है कि 'कलियुग में तुलसी का पूजन, कीर्तन, ध्यान, रोपण और धारण करने से वह पाप को जलाती है और स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करती है।'

'पद्म पुराण' के उत्तर खंड में आता है कि कैसा भी पापी, अपराधी व्यक्ति हो, तुलसी की सूखी लकडियां उसके शव के ऊपर, पेट पर, मुंह पर थोड़ी-सी बिछा दें और तुलसी की लकड़ी से अग्नि शुरू करें तो उसकी दुर्गति से रक्षा होती है। यमदूत उसे नहीं ले जा सकते।

'गरुड़ पुराण' (धर्म कांड-प्रेत कल्प = 38.99) में आता है कि 'तुलसी का पौधा लगाने, पालन करने, सींचने तथा ध्यान, स्पर्श और गुणगान करने से मनुष्यों के पूर्व जन्मार्जित पाप जल कर विनष्ट हो जाते हैं।'

'मृत्यु के समय जो तुलसी-पत्ते सहित जल का पान करता है वह सपूर्ण पापों से मुक्त होकर विष्णु लोक में जाता है।' (ब्रह्मवैवर्त पुराण, प्रकृति खंड = 21.43)

'जो दारिद्रय मिटाना व सुख-सपदा पाना चाहता है उसे शुद्ध भाव व भक्ति से तुलसी के पौधे की 108 परिक्रमा करनी चाहिए।' ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाने से बरकत होती है।

# रुद्राभिषेक से पूरी होंगी मनोकामनाएं



भगवान शिव की पूजा में रुद्राभिषेक का अपना ही महत्व है। भगवान शंकर की कृपा के बिना किसी भी देवी देवता की पूजा फलित नहीं होती है।

रुद्राभिषेक शिव को प्रसन्न करने का सबसे आसान तरीका है। रुद्राभिषेक शिव मंदिर या घर में पार्थिव बनाकर कर सकते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव की आराधना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

ज्योतिषों के अनुसार, सावन माह में पड़ने वाले सोमवार को पूजा-पाठ और रुद्राभिषेक से विशेष लाभ मिलता है।

सावन मास में सोमवार का विशेष महत्व है। शिव महापुराण के अनुसार शिव की उपासना और व्रतधारी को ब्रह्मा मुहूर्त में उठकर पानी में कुछ काले तिल डालकर स्नान करना चाहिए। इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक जल या हो सके तो गंगाजल से करें।

हमारे शास्त्रों में विविध कामनाओं की पूर्ति के लिए रुद्राभिषेक के पूजन के निमित्त अनेक द्रव्यों तथा पूजन सामग्री को बताया गया है। साधक रुद्राभिषेक पूजन विभिन्न विधि से तथा विविध मनोरथ को लेकर करते हैं। किसी खास मनोरथ की पूर्ति के लिए तदनुसार पूजन सामग्री तथा विधि से रुद्राभिषेक किया जाता है। दरअसल, रुद्र भगवान शिव का एक प्रसिद्ध नाम है। रुद्राभिषेक में शिवलिंग को पवित्र स्नान कराकर पूजा और अर्चना की जाती है। यह हिंदू धर्म में पूजा के सबसे शक्तिशाली रूपों में से एक है और माना जाता है कि इससे भक्तों को समृद्धि और शांति के साथ आशीर्वाद मिलता और कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

इस पूजा का सार यजुर्वेद से श्री रुद्रम के पवित्र मंत्र का जाप और शिवलिंग को कई सामग्रियों से पवित्र स्नान देना है जिसमें पंचमृत या फल शहद आदि शामिल हैं।

विशेष पूजा में दूध, दही, घृत, शहद और चीनी से अलग-अलग अथवा सबको मिलाकर पंचामृत से भी अभिषेक किया जाता है। तंत्रों में रोग निवारण हेतु अन्य विभिन्न वस्तुओं से भी अभिषेक करने का विधान है। इस प्रकार विविध द्रव्यों से शिवलिंग का विधिवत अभिषेक करने पर अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है।



# व्रत रखने से मिलता है फल

सनातन धर्म में सप्ताह के सारे दिन किसी न किसी भगवान को समर्पित हैं। जिस तरह से सोमवार का दिन भगवान शिवजी का और मंगलवार का दिन हनुमान जी का है। उसी तरह से बुधवार को भगवान गणेश की पूजा की जाती है और उनके लिए व्रत रखा जाता है। ज्योतिषियों के मुताबिक व्रत रखने से भगवान खुश होते हैं। आज हम आपके लिए लाए हैं बुधवार के व्रत की कथा। व्रत रखने वाले लोगों को इस दिन यह कथा सुननी होती है।

प्राचीन काल की बात है एक व्यक्ति अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल गया। कुछ दिन अपने ससुराल में रुकने के बाद व्यक्ति ने अपने सास-ससुर से अपनी पत्नी को विदा करने को कहा लेकिन सास-ससुर ने कहा कि आज बुधवार है और इस दिन हम गमन नहीं करते हैं लेकिन व्यक्ति ने उनकी बात को मानने से साफ इनकार कर दिया। आखिरकार लड़की के माता-पिता को अपने दामाद की बात माननी पड़ी और अपनी बेटी को साथ भेज दिया। रास्ते में जंगल था, जहां उसकी पत्नी को प्यास लग गई। पति ने अपना रथ रोका और जंगल से पानी लाने के लिए चला गया। थोड़ी देर बाद जब वो वापस अपनी पत्नी के पास लौटा तो देखकर हैरान हो गया कि बिल्कुल उसी के जैसा व्यक्ति उसकी पत्नी के पास रथ में बैठा था।

ये देखकर उसे गुस्सा आ गया और कहा कि कौन है तू और मेरी पत्नी के पास क्यों बैठा है। लेकिन दूसरे व्यक्ति को जवाब सुनकर वो हैरान रह गया। व्यक्ति ने कहा कि मैं अपनी पत्नी के पास बैठा हूं। मैं इसे अभी अपने ससुराल से लेकर आया हूं। अब दोनों व्यक्ति झगड़ा करने लगे। इस झगड़े को देखकर राज्य के सिपाहियों ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

यह सब देखकर व्यक्ति बहुत निराश हुआ और कहा कि हे भगवान, ये कैसा इंसाफ है, जो सच्चा है वो झूठा बन गया है और जो झूठा है वो सच्चा बन गया है। ये कहते है कि फिर इसके बाद आकाशवाणी हुई कि 'हे मूर्ख आज बुधवार है और इस दिन गमन नहीं करते हैं। तूने किसी की बात नहीं मानी और इस दिन पत्नी को ले आया।' ये बात सुनकर उसे समझ में आया की उसने गलती कर दी। इसके बाद उसने बुधदेव से प्रार्थना की कि उसे क्षमा कर दे।

इसके बाद दोनों पति-पति नियमानुसार भगवान बुध की पूजा करने लग गए। ज्योतिषियों के मुताबिक जो व्यक्ति इस कथा को याद रखता उसे बुधवार को किसी यात्रा का दोष नहीं लगता है और उसे सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। बुधवार के दिन अगर कोई व्यक्ति किसी नए काम की शुरुआत करता है तो उसे भी शुभ माना जाता है।

# हिना खान ने अपनी बीमारी को लेकर दिया अपडेट



तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड़ रही बालीवुड एक्ट्रेस हिना खान ने खुलासा किया कि उनका इलाज मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में चल रहा है और वह अच्छा कर रही हैं। वह मजबूत होकर आएंगी। इसी के साथ ही उन्होंने फैंस से अपने लिए प्रार्थना करने के लिए भी कहा। हिना के पोस्ट के बाद स्टार्स और फैंस ने अपना सपोर्ट दिखाया। अब एक्ट्रेस ने फिर से एक पोस्ट शेयर की है। हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा - ये बुरा वक्त भी गुजर जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने एक स्माइली भी बनाया है। इस स्टोरी के साथ हिना ने रणबीर कपूर की फिल्म संजू का गाना कर हर मैदान फतेह पोस्ट किया है। फैंस इस पोस्ट को लाइक कर रहे हैं और अपना रिएक्शन दे रहे हैं। हिना ने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए लिखा था- हेलो सभी को। हाल ही में जो रूमर्स उड़ रहे थे, मैं उसके बारे में सभी हिनाहोलिक्स और जो भी मुझसे प्यार करते हैं, मेरी केयर करते हैं,उन्हें बताना चाहती हूं। मैं ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज पर हूं।

## जिम में घंटों पसीना बहाती हैं रानी चटर्जी

भोजपुरी फिल्म एक्ट्रेस रानी चटर्जी जिम में घंटों पसीना बहाती हैं। उन्होंने हाल ही में अपना एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया। रानी ने इंस्टाग्राम पर वर्कआउट वीडियो शेयर किया, जिसमें वह व्हाइट एंड ब्लैक कलर की प्रिंटेड हाफ स्लीव टी-शर्ट पहनी हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने ब्लैक जॉगर्स पहला है। उन्होंने जिम लुक को पूरा करने के लिए कैप और ब्लैक शूज भी पहने हैं। साथ ही अपने बालों को चोटी बनाई हुई है। वीडियो में रानी को लेग वर्कआउट के लिए स्क्वैट्स करते और जिम में पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, मंडे, दिन की शुरुआत पॉजिटिव नोट पर करें। इस वीडियो को 5000 से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, हार्ड वर्कर। वहीं कई फैंस ने कमेंट सेक्शन में रेड हार्ट और फायर वाले इमोजी शेयर किए। बता दें कि रानी चटर्जी अपने स्टाइल और फिगर के लिए जानी जाती हैं। हॉटनेस के मामले में रानी सभी बॉलीवुड एक्ट्रेस को टक्कर देती हैं।

### 'रिफ्यूजी' के पूरे हुए 24 साल, मनाया जश्न

एक्ट्रेस करीना कपूर खान और अभिषेक बच्चन के कॅरियर की पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 24 साल पूरे हो गए। इस मौके पर करीन ने जश्न मनाया। इस फिल्म से अपना डेब्यू करने वाले अभिषेक बच्चन इसमें मुख्य भूमिका में हैं। करीना कपूर खान ने फिल्म का एक छोटा वीडियो शेयर किया। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि 24 साल हो गए खुद को और मेरे कैरेक्टर्स को खोजते हुए, बेस्ट अभी आने वाला है, लव यू ऑल। जेपी फिल्म्स की विरासत को आगे बढ़ाते हुए बॉर्डर 2 की निर्माता निधि दत्ता ने फिल्म के कुछ अनसीन फोटोज को पोस्ट किया। कैप्शन में उन्होंने अभिनेताओं के लिए एक प्यारा संदेश लिखा, जिसमें कहा गया कि इन दो सच्चे सितारों को रिफ्यूजी के 24 साल मुबारक, फिल्म से बहुत सारी यादें जुड़ी हैं। रिफ्यूजी में जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी और अनुपम खेर भी थे।फिल्म का निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। फिल्म की 24वीं सालगिरह पर करीना और जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खास पोस्ट किया।



## सोनाक्षी की शादी में अपने लुक को लेकर छाई रही हुमा

पिछले दिनों एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपने बेस्ट फ्रेंड व एक्ट्रेस सोनाक्षी की शादी में अपने लुक को लेकर खूब छाई रहीं। वहीं, अब फिर वह अपने नए लुक से सुर्खियां बटोर रही है। हाल ही में हुमा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ लेटेस्ट लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस जमकर लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इस तस्वीरों में हुमा कुरैशी रेड कलर की ड्रेस में बेहद ही किलर लग रही हैं। थाई स्लिट रेड ड्रेस में हुमा अपना कमाल का फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। इसके साथ उन्होंने ब्लैक हील पेयर की है। न्यूड मेकअप के साथ हाई टाई खुले बाल उनके लुक को और भी चार-चांद लगा रहे हैं। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल और ब्यूटी देखते ही बन रही है। अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बनाते हुए हुमा कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक गजब पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो हुमा कुरैशी को आखिरी बार फिल्म तरला में देखा गया था। अब इन दिनों वह जॉली एलएलबी 3 और गुलाबी की शूटिंग कर रही हैं।

## चाणक्य बंद नहीं हुई है यह बनेगी जरूरः नीरज पांडे

बालीवुड अक्षय कुमार के साथ फिल्में बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे ने भी एक बार अजय देवगन को लेकर बड़े स्तर पर चाणक्य नामक फिल्म बनाने का ऐलान किया था, लेकिन यह फिल्म बन नहीं पाई।

कहा गया कि यह फिल्म अब कभी नहीं बनेगी इसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। लेकिन हाल ही में नीरज पांडे ने इस बात की पुष्टि की है कि फिल्म बंद नहीं हुई है यह बनेगी जरूर, पर फिलहाल इसे होल्ड पर रखा गया है। गौरतलब है कि अजय देवगन को लेकर चाणक्य बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे ने चाणक्य को होल्ड करके अजय देवगन के साथ औरों में कहाँ दम था का निर्माण व निर्देशन किया है। फिल्म आगामी शुक्रवार 5 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। नीरज ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपनी फिल्मों को लेकर कई बातें शेयर कीं। जब नीरज से उनकी फिल्म 'चाणक्य' के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कई कारणों से वह फिल्म नहीं बन पाई है। फिलहाल हमने उसे होल्ड पर डाल दिया है। मुझे लगता है कि काफी समय से हममें एक गिल्ट सा था कि एक प्रोजेक्ट में हमने अपना काफी समय दे दिया है और वह प्रोजेक्ट बन नहीं पाया। फिर मैंने यह फिल्म बना ली। इस फिल्म के लिए वहीं से बातचीत शुरू हुई थी। मेरे पास यह कहानी थी। कलाकारों को सुनाई और फिल्म शुरू हो गई। यह कहानी कोलकाता में मेरे बड़े होने के दौरान का एक अहम हिस्सा रही है। इस कहानी का एक हद तक श्रेय मैं अपनी जन्मस्थली को दूंगा। मैंने कभी नहीं सोचा कि वह घटना कभी कहानी में परिवर्तित होगी या एक दिन उस पर स्क्रिप्ट लिखूंगा। घटना के बारे में नहीं बता सकता वरना फिल्म का मजा खराब हो जाएगा। बता दें कि अजय देवगन को फिल्म उद्योग में आए 34 साल हो चुके हैं। इन 34 सालों में उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों को दर्शकों के सामने पेश किया है। उनका अपना एक अलग दर्शक वर्ग है जो लगातार उनकी फिल्मों को देखना पसन्द करता है। फिल्म उद्योग का हर बड़ा निर्माता निर्देशक अजय देवगन के साथ काम करना चाहता है।

# क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया का 32वां सम्मेलन फरह, मथुरा में संपन्न

### आगरा में जल्द ही सब चैप्टर बनायेंगे






**ग्वालियर।** चैप्टर के क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया का 32वां चैप्टर सम्मेलन हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड कंप्यूटर स्टडीज, फरह, मथुरा में शनिवार,31अगस्त को आयोजित किया गया। इस बार के अधिवेशन की थीम थी इन्वेस्टिंग इन पीपल,बिल्डिंग ए बैटर फ्यूचर यह पहली बार था कि आगरा/मथुरा क्षेत्र में क्यूसी गतिविधियों का प्रचार करने के लिए ग्वालियर चैप्टर का वार्षिक सम्मेलन ग्वालियर के बाहर आयोजित किया गया था।

विनिर्माण उद्योगों और शिक्षा संस्थानों द्वारा 75 से अधिक केस अध्ययन प्रस्तुत किए गए। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, एसआरएफ लिमिटेड, मोंडेलेज़ इंडिया, जेके टायर्स, सन फार्मा, आदित्य बिड़ला समूह और कई अन्य उद्योगों ने सम्मेलन में भाग लिया है। शिक्षा संस्थानों में ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल, लिटिल एंगल्स स्कूल, सिंधिया कन्या विद्यालय, ऑक्सफोर्ड स्कूल, एचआईएमसीएस और कई अन्य संस्थानों ने भाग लिया। आज के सम्मेलन में मुख्य अतिथि आगरा के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं सामाजिक उद्यमी श्री पूरन डावर थे। विशिष्ट अतिथि एचआईएमसीएस के डॉ. नवीन गुप्ता और श्री मुकुल चतुर्वेदी जीएम एचआर सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर ग्वालियर थे। क्यूसीएफआई मुख्यालय से, क्यूसीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश मिश्रा और कार्यकारी निदेशक डीके श्रीवास्तव इस अवसर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उत्तरी क्षेत्र के प्रभारी निदेशक अविनाश उपाध्याय भी शामिल हुए। सम्मेलन को सफल बनाने में ग्वालियर चैप्टर के अध्यक्ष संजय बिंदल, उपाध्यक्ष समीर सेठ, सचिव मैथ्यूज, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा, संयुक्त सचिव अक्षय भटनागर और एसएम ताहिर के पदाधिकारियों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। डॉ. अभिलाषा, डॉ. कपिल और एचआईएमसीएस के अन्य संकाय सदस्यों ने अपनी टीम के साथ बहुत मेहनत की है और सम्मेलन को यादगार बनाने के लिए क्यूसीएफआई के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य किया। भाग लेने वाली टीमों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार दिए गए। स्कूल, कॉलेज और उद्योग क्षेत्र में गुणवत्ता अवधारणाओं को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए क्रमशः सिंधिया कन्या विद्यालय, एचआईएमसीएस और सूर्या रोशनी लिमिटेड को विशेष पुरस्कार दिए गए। अविनाश मिश्रा ने आगरा और मथुरा क्षेत्र में उद्योगों, एमएसएमई, स्कूलों और कॉलेजों के बीच गुणवत्ता अवधारणाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आगरा सब चैप्टर बनाने की संभावनाओं पर जोर दिया।

## बिजली कंपनी के एमडी के तुगलकी फरमान से मीटर रीडर सहित उपभोक्ता परेशान

ग्वालियर। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी के तुगलकी फरमान से जहां मीटर रीडर परेशान हैं वहीं मीटर रीडरों को उपभोक्ता एसएसएमआईडी समग्र आईडी नहीं दे रहे है। इतना ही नहीं लाखों उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके पास ना तो राशन कार्ड हैं और ना ही उसकी एसएसएमआईडी समग्र आईडी। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में नये एमडी के रूप में क्षितिज सिंघल को को नियुक्त किया गया है। उन्होंने एमपीएमकेवीवीसी के सभी मीटरों रीडरों को बिल देते समय उपभोक्ता से समग्र आईडी लेने और केवायसी करने के निर्देश दिये हैं। इस तुगलकी फरमान से सभी मीटर रीडर परेशान है। इतना ही नहीं मीटर रीडर जब किसी उपभोक्ता से समग्र आईडी की मांग करते हैं और उसका ओटीपी मांगता है तो उपभोक्ता किसी अनहोनी के चलते ओटीपी देने से मना कर देते हैं। इससे जहां मीटर रीडरों को तो परेशानी हो ही रही है वहीं उपभोक्ता भी उन्हें सहयोग नहीं करने से उनका समय ज्यादा लग रहा है और उपभोक्ताओं की रीडिंग बढने से उसका स्लैब भी बढ रहा है जिससे उसका बिल भी ज्यादा आ रहा है इससे उपभोक्ताओं को भी परेशानी हो रही है। लेकिन भाजपा शासन में अधिकारी तो सिर्फ फरमान जारी करते हैं उन्हें ना तो बिजली के सुधार से कोई मतलब और ना ही उन्हें इस बात की जानकारी है कि आम उपभोक्ता समग्र आईडी बनवा ही नहीं रहा है। क्योंकि ना तो आम उपभोक्ता के पास राशन कार्ड है और राशन कार्ड नहीं होने से समग्र आईडी भी नहीं है। एमपीएमकेवीवीसी के एमडी को सबसे पहले तो आम उपभोक्ताओं की जानकारी करना चाहिये कि उनके पास समग्र आईडी है कि नहीं। इतना ही नहीं महानगरों से लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को ठीक कराना चाहिये। इतना ही नहीं जरा सी हवा चलते ही सभी जगह पडी प्लास्टिक कोटेड लाइनों के बाद भी बिजली को बंद करना रोकना चाहिये। इसके अलावा मीटर में खराबी होने पर जिला स्तर पर ही उसका निपटान करने के निर्देश देना चाहिये जिससे उपभोक्ता महीनों तक परेशान ना हो। मध्यप्रदेश के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को भी इस ओर ध्यान देकर तुगलकी आदेश को रदद कराना चाहिये। यदि उन्हें उपभोक्ताओं की केवायसी कराना भी है तो उसके लिए कैंम्प लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक कर केवायसी कराना चाहिये।

## ग्वालियर से जौरा तक जाने वाली मेमु अब कैलारस तक जाएगी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार ग्वालियर चम्बल क्षेत्र में विकास के लिए लगातार काम कर रहे है । हाल में मुख्यमंत्री से अनुरोध करके ग्वालियर इंडस्ट्री कांक्लेव कराकर क्षेत्र में 8 हज़ार करोड़ से अधिक का निवेश कराया । केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज़िला मंत्री , भाजपा मुरेना राजेंद्र शुक्ला द्वारा अनुरोध किया गया था की मुरेना में रेल की सुविधाएँ बढ़ाने के लिए वो मदद करें । इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने तुरंत उनके सभी माँग व अन्य पूर्व से निर्धारित माँगो को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लेकर तुरंत पत्र जारी किया । आज एक माँग की पूर्ति की सूचना प्राप्त हुई है , ग्वालियर से जौरा तक जाने वाली मेमु ट्रेन अब मुरेना के कैलारस शहर तक जाएगी । इस ट्रेन को कैलारस तक पहुँचने व रोज़ाना आवागमन से लाखों मुरेना वासियों को ग्वालियर व अन्य क्षेत्र की यात्रा आसान हो गई है ।

## नये लोकायुक्त एसपी राजेश मिश्रा सुबह 11.30 बजे ज्वाइन करेंगे



ग्वालियर। नये लोकायुक्त एसपी राजेश मिश्रा 3 सितंबर को सुबह 11.30 बजे लोकायुक्त कार्यालय में अपना नया पद ज्वाइन करेंगे। वह सुबह भोपाल से ग्वालियर पहुंचेंगे। फिर लोकायुक्त कार्यालय में आमद देंगे। नये लोकायुक्त एसपी राजेश मिश्रा ग्वालियर का लोकायुक्त एसपी पद सम्हालने से पूर्व उज्जैन, भोपाल में लोकायुक्त एसपी भी रह चुके हैं। वह ईओडब्ल्यू भोपाल में भी एसपी, एएसपी भोपाल के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। विशेष बात यह है कि बेहद योग्य व जांबाज पुलिस अधिकारी राजेश मिश्रा इससे पूर्व भोपाल में मुख्यमंत्री के सुरक्षा पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं।

# बजरंग भक्त मंडल ने की 500 किलो हरे चारे की सेवा



बजरंग भक्त मंडल द्वारा साल 2019 से प्रति सप्ताह निरंतर की जा रही सेवा के क्रम में मंडल द्वारा सदस्यों एवं दान दाताओं के सहयोग से जनकताल स्थित गौशाला में 500 किलो हरे चारे की सेवा की गई जिसमे 200 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक शालिनी त्रिपाठी द्वारा, 147 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक अनायशा गोयल के जन्मदिन पर जम्मू से, 147 किलो हरे चारे की सेवा बंसल परिवार द्वारा रवि बंसल की स्मृति में, कुल लगभग 500 किलो हरे चारे की सेवा की गई। गौसेवा के उपरांत बजरंग भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा श्री टंकी के हनुमान मंदिर पर पारिवारिक गोठ का आयोजन किया गया। जिसमे सदस्यों ने परिवार सहित हाऊजी,चेयर रेस आदि खेलो के साथ प्राकृतिक सौंदर्य,चाट एवं दाल बाटी भोजन का आनंद लिया। आज की गौसेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, सचिव राकेश मंगल, कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल, कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, हरीश राठौर, पुनेश पाल, विजय बंसल, अनुज गोयल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## चार हजार करोड़ के निवेश की जानकारी तो पचा गये अधिकारी, मुख्यमंत्री को क्यों नहीं बताया



ग्वालियर। ग्वालियर की रीजनल इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव में आईआईडीसी व अन्य विभागीय अधिकारियों ने उद्योगों के निवेश की सही जानकारी मुख्यमंत्री व एमएसएमई मंत्री को नहीं दी अन्यथा निवेश के आंकड़े चार गुना होते। आईआईडीसी ने केवल अडाणी व अंबानी सहित एक स्थानीय छोटे उद्योगपति को ही प्रमोट किया। अन्य बड़े उद्योगपतियों व निवेशकों की सही जानकारी ही मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचाई नहीं तो रीजनल कान्क्लेव ऐतिहासिक साबित होती। लगभग एक दर्जन बड़े निवेशक इस कान्क्लेव में करार को तैयार थे। एक निवेशक को कोलकाता से रेल वैगन कारखाने के लिये आये थे, उन्हें 1700 करोड़ का निवेश करना था। वहीं स्थानीय चार बड़े औद्योगिक घराने की लगभग 1500 से 2000 करोड़ के विस्तारीकरण के करार के लिये तैयार थे। इनके विस्तारीकरण का काम वैसे चल ही रहा है। यदि आईआईडीसी के अधिकारी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव व एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप की जानकारी में डालते और मंच पर उन्हें बुलाकर मुख्यमंत्री से मिलवाते तो कान्क्लेव की बात ही अलग होती। क्योंकि जो उद्योग पहले से यहां उत्पादन प्रक्रिया में लगे हैं और वह विस्तारीकरण करते तो उसका मैसेज बेहतर जाता। जिससे अन्य उद्योग यहां आने को तैयार रहते बल्कि छोटे छोटे निवेशक भी इन बड़ी औद्योगिक इकाईयों की सहायक इकाईयां स्थापित करने में पहल करते। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि पूरी इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव मात्र एक-दो निवेशकों को प्रमोट करने के लिये आईआईडीसी व एमपीडीसी के अधिकारियों ने करा दी। सूत्रों का कहना है कि अन्य बड़े उद्योगों के निवेश की जानकारी संभवतः मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को नहीं दी गई थी।




## गौरवशाली सामाजिक संस्था की श्रीमद भागवत कथा 11 से

ग्वालियर। सिकंदर कंपू स्थित नेताजी गार्डन में गौरवशाली सामाजिक संस्था के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 से 18 सितंबर तक किया गया है। सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य पं. घनश्याम शास्त्री भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। मीडिया प्रभारी हरिओम शर्मा ने बताया कि कथा का उद्देश्य केवल जनकल्याण है। कथा के साथ स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। ग्वालियर के लोगों प्रीतिदिन धर्म के साथ-साथ अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा। कथा को श्रवण करने की अपील समिति के संरक्षक डा जितेन्द्र सिंह राजावत, सह संयोजक श्याम श्रीवास्तव, अध्यक्ष एडवोकेट शिल्पा डोगरा, उपाध्यक्ष नरेंद्र चैहान, कोषाध्यक्ष इंजी. विजय शर्मा, सह कोषाध्यक्ष रीता डोगरा, कथा परीक्षित नितिन डोगरा, लक्ष्मी करण, ऊषा बाथम आदि ने की हैं।

## कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना 4 सितंबर को

ग्वालियर। जनता को उसकी मूलभूत सुविधाएं दिलाए जाने, किसानों की आर्थिक परेशानी, महिलाओं-बालिकाओं के साथ हो रहे अत्याचार दुराचार, अ.जा., अ.ज.जा., अल्पसंख्यक वर्गों पर अत्याचार, बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि, प्रदेश की खस्ताहाल सड़कें आदि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां 4 सितंबर को अपने-अपने ब्लॉक में धरना प्रदर्शन करेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि धरन प्रदर्शन में अपने-अपने ब्लॉक में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, विधानसभा लोकसभा प्रत्याशी, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस , कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, पार्षद, पूर्व पार्षद, विभाग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित समस्त कांग्रेसजन सम्मिलित रहेंगे।

# जिला स्तरीय अधिकारी हर दिन 15-15 शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से देखें: कलेक्टर

ग्वालियर । सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी हर दिन सीएम हैल्पलाइन पोर्टल से अपने विभाग से संबंधित 15-15 शिकायतों के प्रिंट आउट निकलवाएँ। शिकायतकर्ताओं से मोबाइल फोन पर बात करें और उनकी संतुष्टि के साथ शिकायतों का समाधान कराएँ। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही कराया जाए। कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जोर देकर कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदकों को समय-सीमा के भीतर सेवाएँ प्रदान की जाएँ। जिन अभिहित अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में आवेदन का निराकरण नहीं किया जा रहा है, उनसे प्रावधानों के अनुसार अर्थदण्ड वसूलकर संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक सेवा गारंटी कानून के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की ?िलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जिले के सभी एसडीएम को सुव्यवस्थित ढंग से दिव्यांग परीक्षण शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से चिन्हित दिव्यांगजनों को 21 सितम्बर को चीनौर में आयोजित होने जा रहे शिविर में एलिम्को द्वारा कृत्रिम अंग वितरित किए जायेंगे। इसलिए परीक्षण शिविरों में हर जरूरतमंद दिव्यांग की जाँच कराएँ, जिससे उन्हें नाप के अनुसार उपकरण मिल सकें। ग्वालियर का विजन डॉक्यूमेंट को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश भी बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम को दिए गए।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने दिव्यांग परिचय सम्मेलन एवं दिव्यांगों के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा भी बैठक में की। उन्होंने कहा कि प्रयास ऐसे हों, जिससे जिले में निवासरत अधिक से अधिक दिव्यांगों के विवाह हो सकें। इसके लिए सुव्यवस्थित ढंग से जिला स्तर पर दिव्यांग परिचय सम्मेलन आयोजित कराएँ। परिचय सम्मेलन के एक पखवाड़े बाद सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया जायेगा। इस सम्मेलन में शासन के प्रावधानों के अनुसार दिव्यांगजनों के विवाह के लिये आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में कहा कि मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा सितम्बर माह में ग्वालियर जिले में भी भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। इसलिए लोक निर्माण, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एमपीआरडीसी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अपने विभाग से संबंधित सड़कों, पुल-पुलियों व पहुँच मार्गों पर एहतियात बतौर सावधानी बरतने के साइन बोर्ड लगाएँ। साथ ही जल संसाधन विभाग भी जलाशयों व उनके किनारे बसे बाड़संभावित गाँवों के आसपास इस आशय के सूचना पत्र प्रदर्शित कराएँ। इसमें कोई ढिलाई न हो। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने दिव्यांगों के परिचय सम्मेलन के लिये तैयार कराई गई बुकलेट का प्रजेंटेशन दिया। इस बुकलेट में दिव्यांग महिलाओं व पुरूषों का विस्तृत विवरण उपलब्ध है। इसके आधार पर दिव्यांग अपना जीवन साथी चुन सकते हैं। बैठक मेंअपर कलेक्टर टी एन सिंह सहित जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। डबरा व भितरवार के एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अंतरविभागीय समन्वय बैठक में शामिल हुए।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478